arihant
SUCCESS AND NOTHING LESS

राजस्थान उच्च न्यायलय, जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट

# सिस्टम असिस्टेन्ट

भर्ती परीक्षा 2024

# स्टडी नोट्स



परीक्षा स्कीम एवं पाठ्यक्रम

| क्रमांक | विषय | प्रश्न | कुल अंक | समय |
|---|---|---|---|---|
| सेक्शन A | Part A कम्प्यूटर ज्ञान | 80 | 80 | 2 घण्टे |
| | Part B सामान्य ज्ञान एवं English | 20 | 20 | |

पदों की संख्या
230
वि.सं.
2023/2313/RHC

राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर

## राजस्थान हाईकोर्ट

# सिस्टम असिस्टेंन्ट

भर्ती परीक्षा 2024

## स्टडी नोट्स



प्रदीप श्रीवास्तव, दीपाली,
श्वेता भार्गव

arihant
SUCCESS AND NOTHING LESS

arihant
SUCCESS AND NOTHING LESS

# अरिहन्त पब्लिकेशन्स (इण्डिया) लिमिटेड

**सर्वाधिकार सुरक्षित**

卐 **© प्रकाशक**

इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुनर्प्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके—इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम से प्रकाशक की अनुमति के बिना वितरण नहीं किया जा सकता है। 'अरिहन्त' ने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्रोतों से प्राप्त किया है। पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए प्रकाशक, सम्पादक, लेखक अथवा मुद्रक जिम्मेदार नहीं हैं।

*सभी प्रतिवाद का न्यायिक क्षेत्र 'मेरठ' होगा।*

卐 **रजि. कार्यालय**

'रामछाया' 4577/15, अग्रवाल रोड, दरिया गंज, नई दिल्ली- 110002
**फोन:** 011-47630600, 43518550

**मुख्य कार्यालय**

कालिन्दी, टी०पी० नगर, मेरठ (यूपी)– 250002
**फोन:** 0121-7156203, 7156204

卐 **शाखा कार्यालय**

आगरा, अहमदाबाद, बरेली, बंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, झाँसी, कोलकाता, लखनऊ, नागपुर तथा पुणे

卐 **मूल्य** ₹ 275.00

卐 **PO No :** TXT-XX-XXXXXXX-X-XX

*PUBLISHED BY ARIHANT PUBLICATIONS (INDIA) LTD.*

'अरिहन्त' की पुस्तकों के बारे में अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट **www.arihantbooks.com** पर लॉग इन करें या **info@arihantbooks.com** पर सम्पर्क करें।

**Follow us on...**

# विषय–सूची


**करेण्ट अफेयर्स** 1-14

## कम्प्यूटर ज्ञान 1-146

1. कम्प्यूटर का परिचय 3-24
2. डाटा निरूपण 25-37
3. ऑपरेटिंग सिस्टम का परिचय 38-59
4. डाटा प्रोसेसिंग 60-71
5. डाटा कम्यूनिकेशन और नेटवर्क तकनीक 72-89
6. इण्टरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) और वेब डिजाइनिंग 90-110
7. प्रोग्रामिंग और समस्या समाधान 111-146

## ENGLISH 1-64

1. Improvement of Sentences 3-5
2. Tenses/Sequences of Tenses 6-10
3. Voice : Active & Passive 11-14
4. Narration : Direct and Indirect 15-19
5. Transformation of Sentences 20-23
6. Use of Determiners, Articles and Prepositions 24-29
7. Corrections of sentences (Subject-Verb, Agreement, Degrees of Adjectives, Connectives and Words Wrongly Used) 30-36
8. Synonyms and Antonyms 37-44
9. One word Substitution 45-53
10. Prefixes and Suffixes 54-56
11. Confusable Words (Homonyms) 57-59
12. Simple Idioms/Phrases 60-64

## सामान्य ज्ञान 1-56

1. राजस्थान की संस्कृति एवं इतिहास 3-35
2. विश्व एवं भारत का भूगोल 36-55

# पाठ्यक्रम

## ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया (Procedure for filling Online Application)

ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया से सम्बन्धित दिशा–निर्देश यथोचित समय पर राजस्थान उच्च न्यायालय की अधिकृत वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएँगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व दिशा–निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें एवं वेबसाइट को नियमित समयान्तराल पर देखते रहें।

## आवेदन करने की समय सीमा (Time Limit to Apply)

| क्रमांक | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन आवेदन करने की समय सीमा | 04.01.2024 (बृहस्पतिवार) को दोपहर 01:00 से दिनांक 03.02.2024 (शनिवार) को सायं 05:00 बजे तक। |
| 2. | ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की समय सीमा | 04.01.2024 (बृहस्पतिवार) को दोपहर 01:00 से दिनांक 04.02.2024 (रविवार) को सायं 05:00 बजे तक। |

ऑनलाइन आवेदन (Online Application) करने व ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की उपरोक्त समय सीमा के पश्चात् पोर्टल का लिंक निष्क्रिय हो जाएगा। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि व समय की प्रतीक्षा किए बिना यथाशीघ्र निर्धारित परीक्षा शुल्क अदा कर ऑनलाइन आवेदन करें। ई–मित्र कियोस्क/नागरिक सेवा केन्द्र (C.S.C.) तथा नेट–बैंकिंग (Net-Banking) या डेबिट/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से निर्धारित परीक्षा शुल्क की राशि जमा की जा सकेगी।

## परीक्षा की स्कीम और पाठ्यक्रम
## (Scheme & Syllabus of Examination)

The competitive examination shall be held to test the ability of the candidate in the following subjects and each subject will carry the number of marks shown as under

**SECTION-A** WRITTEN TEST (100 Marks)

The Written Test shall consist of one paper consisting of 100 multiple choice questions of 01 mark each, comprising of

| Name of Paper | Max Marks | Min. Marks | | Duration |
|---|---|---|---|---|
| | | For SC/ST & PH candidates | For other candidates | |
| **Part-A** Computer Knowledge | 80 | 40 | 45 | 2 Hours |
| **Part-B** General Knowledge & English | 20 | | | |

## लिखित परीक्षा के आयोजन की विधि (Method of Conducting Written Test)

i. Part-A and Part-B will have 80 & 20 Multiple Choice Questions, respectively, bearing 01 mark each.
ii. Written test will be conducted through OMR answer sheet.
iii. There shall be no negative marking for wrong answers in the Written Test.
iv. Marks obtained in the written test shall be counted for the final process of selection.

Syllabus for Written Test shall be as under:

**Part-A Computer Knowledge**

(a) **Overview to Computer:**

- Evolution of Computers & its applications.
- Basics of Hardware and Software.
- Latest IT gadgets and their applications.
- Central Processing Unit, Input devices, Output devices, Computer Memory & storage.
- Application Software, Systems Software, Utility Software, Open Source and Proprietary Software, Mobile Apps.

(b) **Data Representation:**

- Number system (Binary, Decimal, Octal and Hexadecimal).
- ASCII code, Unicode, BCD, Grey, XS3, EBCDIC.
- Complement, addition, subtraction, overflow, floating point representation.

(c) **Introduction to Operating System**

- Basics of Operating System.
- Operating Systems for Desktop, Laptop, Mobile Phone and Tablets.
- Concepts of files and its types.
- **Microsoft Windows** An overview of different versions of Windows, Basic Windows elements, User Interface, Task Bar, Icons & shortcuts, Operating System simple setting, using mouse and changing its properties, changing system date and time, changing display properties, adding, removing & sharing Printers, File and Folder management, types of file extensions. System tools - Disk cleanup, Disk defragmenter, Notepad, Paint, WordPad etc.
- **Command Prompt** Directory navigation, path setting, creating and using batch files. Drives, files, directories, directory structure.
- **Linux** What is Open Source, Overview of Linux, Linux Origins, Running Commands, Getting Help, Linux File Hierarchy Concepts, Some Important Directories, Current Working Directory, File and Directory Names, Absolute and Relative Pathnames, Changing Directories, Listing Directory Contents, Copying Files and Directories, Moving and Renaming Files and Directories, Creating and Removing Files, Creating and Removing Directories.

(d) **Data Processing** Word Processing (MS-Word), Spread Sheet Software (MS Excel), Presentation Software (MS PowerPoint), DBMS Software (MS-Access).

(e) **Data Communication and Network Technologies**

- Introduction to Computer Networks, LAN, WAN, MAN etc.
- Communication Systems, Signal and data, Transmission modes, Synchronous and asynchronous tra nsmission.
- Transmission Media: Guided Media (Twisted pair, Co-axial cable, Optical fiber).
- Introduction to Communication Protocols.
- Internet Addressing Scheme: IP and MAC.
- Networks Layers/Models, Networking Devices.
- Network security.
- Introduction to Firewalls and its utility.

(f) **Internet of Things (IoT) and Web Designing**

- Introduction to online & offline messaging, Email, Voice Mail.
- Introduction to e-Commerce.
- WWW Browsers, Web publishing, Search Engines, Search Engine Optimization (SEO).
- Creation & maintenance of Websites, Basic knowledge of HTML, CSS and Java Script.

(g) **Programming and Problem Solving**

- Principles and Programming Techniques.
- Introduction to C, Conditional Statements, Loops, Arrays,
- Functions, Storage Classes, Pointers, Structures and Unions, File processing.
- Introduction to Object Oriented Programming Through C++ and JAVA.

## Part-B General Knowledge & English

(a) **General Knowledge**

- Current Affairs
- Geography and Natural Resources
- History and Culture of Rajasthan

(b) **English**

- Tenses/Sequences of Tenses
- Voice:Active & Passive
- Narration: Direct and Indirect
- Transformation of Sentences: Assertive to Negative, Interrogative, Exclamatory and *vice-versa*
- Use of Articles, Determiners and Prepositions
- Correction of sentences including Subject-verb Agreement, Degrees of Adjectives, Connectives and words wrongly used
- Synonyms and Antonyms
- One-word substitutions
- Prefixes and Suffixes
- Idioms & Phrases

## **SECTION-B** TYPE-WRITING TEST ON COMPUTER (80 Marks)

Those candidates who secure minimum 40% marks in case of Scheduled Castes / Scheduled Tribes & Persons with Benchmark Disabilities and 45% marks in case of other categories, in the written test, shall be eligible for appearing in the type writing test on computer, subject to the extent of 5 times of the number of vacancies (category-wise) but in the said range all those candidates who secure the same percentage of marks shall be included.

Type-Writing Test on Computer shall consist of two papers -

| Paper | Language | Duration | Max. Marks | Min. Marks | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | For SC/ST & PH candidates | For other candidates |
| Paper-I Speed Test | Hindi | 5 Minutes | 25 | 20 | 22.5 |
| | English | 5 Minutes | 25 | | |
| Paper-II Efficiency Test (Microsoft Word & Excel) | | 20 Minutes | 50 | 20 | 22.5 |

**गति एवं दक्षता परीक्षा के आयोजन की विधि** (Method of Conducting Speed & Efficiency Test)

(i) The font for C Speed Computer Test shall be "Kruti Dev 010" for Hindi and "CALIBRI" for English.

(ii) Minimum Speed should be 8000 key depressions per hour on computer. Data will have to be fed in dual language, i.e. English and Hindi.

(iii) Efficiency Test may be taken on data processing softwares. It shall include uses of different formula's, formatting of Test, Paragraph, Page & Table (Excel & Word) using proper methods and formatting of letters.

(iv) The marks in the Speed Test shall be awarded as per the following formula:

(20/8000) x Net Speed (in correct depressions per hour)

## **SECTION-C** PERSONAL INTERVIEW (20 Marks)

On the basis of marks secured in Written Test and Typewriting Test on Computer, amongst those candidates, who secure 40% marks in case of Scheduled Caste / Scheduled Tribes & Persons with Benchmark Disabilities and 45% marks in case of other categories, in the Written Test and Typewriting Test on computer, respectively and 45% in the aggregate, to the extent of three times of total number of vacancies (Category wise) shall be declared qualified to be called for interview but in the said range all those candidates who secure the same percentage of marks shall be included.

Final result shall be prepared on the basis of total marks secured in Written Test, Typewriting Test on Computer and Interview.

# करेण्ट अफेयर्स

## राष्ट्रीय

### सूरत में देश का पहला 6 लेन स्टील स्लैग आधारित रोड

गुजरात के सूरत में 13 दिसम्बर, 2023 को देश की पहली 6-लेन स्टील स्लैग आधारित सड़क का निर्माण किया गया।

स्टील स्लैग का उत्पादन इस्पात उत्पादन के दौरान लौह अयस्क से प्राप्त ठोस अपशिष्ट के रूप में किया जाता है। स्लैग रोड के निर्माण से सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'वेस्ट टू वेल्थ और स्वच्छ भारत मिशन' दोनों अभियानों में मदद मिलेगी।

### केन्द्र सरकार द्वारा गुजरात और हिमाचल प्रदेश के लिए वित्तीय सहायता को मंजूरी

केन्द्र सरकार ने 12 दिसम्बर, 2023 को चक्रवाती तूफान बिपरजॉय से बुरी तरह प्रभावित गुजरात को ₹ 338 करोड़ से अधिक की वित्तीय सहायता देने को मंजूरी दे दी।

गृह मन्त्रालय ने हिमाचल प्रदेश के लिए 'नेशनल डिजास्टर रिस्पोंस फण्ड' (NDRF) से लगभग ₹ 634 करोड़ की अतिरिक्त वित्तीय सहायता को मंजूरी दी।

हिमाचल प्रदेश इस वर्ष (2023) दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान बाढ़, बादल फटने और भूस्खलन के कारण गम्भीर रूप से प्रभावित हुआ था।

### विकसित भारत @ 2047 युवाओं की आवाज पहल

11 दिसम्बर, 2023 को पीएम नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत @ 2047 युवाओं की आवाज पहल का शुभारम्भ किया। इस दूरदर्शी पहल का उद्देश्य भारत के युवाओं को देश की योजनाओं, प्राथमिकताओं व लक्ष्यों को आकार देने में सक्रिय रूप से शामिल करना है। इस पहल का मुख्य दृष्टिकोण भारत की स्वतन्त्रता के 100वें वर्ष के अक्सर पर वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र के रूप में बदलना है।

### गुजरात का गरबा अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता प्राप्त

7 दिसम्बर, 2023 को जीवन्त व सांस्कृतिक रूप से समृद्ध नृत्य शैली गुजरात का गरबा को यूनेस्को द्वारा मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (ICH) के रूप में मान्यता प्रदान की गई।

यह मान्यता 5-9 दिस्मबर, 2023 तक बोत्सवाना में आयोजित अमूर्त सांस्कृति विरासत की सुरक्षा के लिए अन्तर सरकारी समिति की 18वीं बैठक के दौरान प्रदान की गई।

यह नृत्य सामाजिक व लैंगिक समावेशिता को बढ़ावा देने वाली एक एकीकृत नृत्य शैली की भूमिका को प्रदर्शित करता है।

### राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी)–2022 रिपोर्ट जारी

5 दिसम्बर, 2023 को राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरवी) 2022 की रिपोर्ट जारी की गई। इस रिपोर्ट के तहत वर्ष 2022 में भारत में कुल 5824946 संज्ञेय अपराध दर्ज किए गए जिसमें से 3561379 आईपीसी अपराध व 2263567 विशेष एवं अपराध शामिल है।

देश में अपराध दर वर्ष 2021 में 445.9 से घटकर वर्ष 2022 में 422.2 हो गई है। देश में सर्वाधिक अपराध रिपोर्ट दर्ज करने वाले राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश केरल (96%) पुदुचेरी (91.3%) पश्चिम बंगाल (90.6%) रहे।

### संसद का शीतकालीन सत्र शुरू

संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसम्बर, 2023 को शुरू हुआ और यह 22 दिसम्बर, 2023 तक चलेगा।

इसमें 19 दिनों में 15 बैठकें होंगी। सत्र के दौरान कुल 21 विधेयकों पर चर्चा होनी है।

यह सत्र 17वीं लोकसभा का अन्तिम पूर्ण सत्र होगा।

### 4th आसियान इण्डिया ग्रासरूट इनोवेशन फोरम 2023

29 नवम्बर, 2023 को भारत व आसियान देशों ने आसियान इण्डिया ग्रासरूट इनोवेशन फोरम (AIGIF) के चौथे संस्करण का शुभारम्भ किया।

यह एक वार्षिक कार्यक्रम है जो भारत व आसियान के बीच सहयोग को बढ़ावा देने व सम्बन्धों को गहरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी व नवाचार में सहयोग के माध्यम से भारत व आसियान देशों को बीच सम्बन्धों को मजबूत करना है।

### भारत–ऑस्ट्रेलिया 2 प्लस 2 वार्ता आयोजित

रक्षा मन्त्री राजनाथ सिंह ने 20 नवम्बर, 2023 को नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलियाई उप प्रधानमन्त्री रिचर्ड मार्ल्स के साथ दूसरी भारत-ऑस्ट्रेलिया 2 प्लस 2 मन्त्रिस्तरीय वार्ता की सह-अध्यक्षता की। विदेश मन्त्री डॉ. एस. जयशंकर और विदेश मन्त्री सुश्री पेनी वोंग भी बैठक में उपस्थित थे। बैठक के दौरान, दोनों देशों ने आपसी हित के व्यापक मुद्दों पर चर्चा की।

### संयुक्त सैन्य अभ्यास KAZIND-2023

ओटार (कजाकिस्तान) में 29 अक्टूबर से 11 नवम्बर, 2023 तक संयुक्त सैन्य अभ्यास KAZIND-2023 का सातवां संस्करण आयोजित किया गया। इस संयुक्त सैन्य अभ्यास में भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना की टुकड़ी में 120 कर्मियों ने भाग लिया।

भारतीय सेना की टुकड़ी में डोगरा रेजिमेण्ट की एक बटालियन के नेतृत्व में 90 जवान शामिल थे।

### डिजिटल विज्ञापन नीति, 2023 को मंजूरी

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय ने 10 नवम्बर, 2023 को डिजिटल विज्ञापन नीति, 2023 को मंजूरी दे दी। इसका उद्देश्य केन्श्वीय संचार ब्यूरो (CBC) को सक्षम और सशक्त बनाना है, जो डिजिटल मीडिया स्पेस में अभियान चलाने के लिए भारत सरकार की विज्ञापन शाखा है।

यह नीति CBC को OTT और वीडियो ऑन डिमाण्ड स्पेस में एजेन्सियों और संगठनों को सूचीबद्ध करने में सक्षम बनाएगी।

### ग्वालियर व कोझीकोड UNESCO क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क में शामिल

भारत के ग्वालियर और कोझीकोड शहर 9 नवम्बर, 2023 को उन 55 नए शहरों में शामिल हो गए जिन्हें UNESCO क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क (UCCN) में सम्मिलित किया गया है।

कोझीकोड UNESCO द्वारा 'साहित्य का शहर' का प्रतिष्ठित खिताब प्राप्त करने वाला भारत का पहला शहर है। वर्ष 2015 में वाराणसी के बाद ग्वालियर UNESCO द्वारा 'संगीत का शहर' के रूप में नामित होने वाला भारत का दूसरा शहर है।

### धान की नई किस्म 'पूसा–2090' विकसित

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI), दिल्ली ने 9 नवम्बर, 2023 को पूसा-2090 नामक एक उच्च उपज वाली छोटी अवधि की धान की किस्म विकसित करने की जानकारी दी।

पूसा-2090 किस्म केवल 120-125 दिनों में पककर तैयार हो जाती है, जबकि पूसा-44 को परिपक्व होने में 155-160 दिन लगते हैं। धान की यह नई किस्म किसानों को अगली फसल के लिए अपने खेतों को तैयार करने के लिए लगभग 30 दिनों का समय देगी।

### भारत द्वारा 'प्रलय' का सफल परीक्षण

भारत ने 7 नवम्बर, 2023 को ओडिशा के तट से प्रलय स्ट्रेटेजिक बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। परीक्षण ने एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर चिह्नित किया क्योंकि मिसाइल ने लगभग 500 किमी की अपनी पूरी सीमा को कवर किया, अपनी परिचालन क्षमताओं को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया।

यह एक कैनिस्टरयुक्त सामरिक, सतह से सतह पर, कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल (SRBM) है। इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने विकसित किया है।

### महादेव ऐप प्रतिबन्धित

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मन्त्रालय ने 5 नवम्बर, 2023 को महादेव बुक और रेड्डीनाप्रेस्टोप्रो सहित 22 अवैध सट्टेबाजी ऐप और वेबसाइटों को ब्लॉक कर दिया।

मन्त्रालय ने यह कदम प्रवर्तन निदेशालय (ED) की सिफारिश पर उठाया है। ED ने छत्तीसगढ़ में महादेव बुक पर जांच और उसके बाद छापे के बाद अवैध सट्टेबाजी ऐप को प्रतिबंधित करने के लिए केन्द्र से सिफारिश की।

### वर्ल्ड फूड इण्डिया 2023 का आयोजन

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 3 नवम्बर, 2023 को नई दिल्ली में 'वर्ल्ड फूड इण्डिया 2023' के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया। इस आयोजन का उद्देश्य भारत को 'दुनिया के खाद्य केन्द्र' के रूप में प्रदर्शित करना और वर्ष 2023 को बाजरा के अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप में मनाना है।

प्रधानमन्त्री ने इस आयोजन में एक लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों (SHGs) के सदस्यों को सीड कैपिटल सहायता वितरित की।

### भारतीय दानदाताओं की रिपोर्ट जारी

एडेलगिव हुरुन इण्डिया फिलैनथ्रॉपी लिस्ट 2023 को 1 नवम्बर, 2023 को जारी किया गया। HCL टेक्नोलॉजीज के संस्थापक और चेयरमैन शिव नाडर भारत के सबसे बड़े परोपकारी हैं और वह हर दिन 5.6 करोड़ रुपये (2042 करोड़ रुपये) का दान देते हैं। शिव नाडर के बाद विप्रो प्रमुख अजीम प्रेमजी (1774 करोड़ रुपये दान में), मुकेश अंबानी और कुमार मंगलम बिड़ला हैं।

### 'मेरा युवा भारत' प्लेटफ़ॉर्म लॉन्च

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 31 अक्टूबर, 2023 को राष्ट्रीय एकता दिवस पर कर्तव्य पथ पर देश के युवाओं के लिए 'मेरा युवा भारत (MY भारत)' मंच लॉन्च किया।

इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य देश के युवाओं को सशक्त बनाना और उनका उत्थान करना है। मेरा युवा भारत (MY भारत) भौतिक और डिजिटल तत्वों को सहज रूप से सम्मिश्रण करते हुए एक 'फिजिटल प्लेटफॉर्म' के रूप में कार्य करता है।

### भारत में आईफोन का निर्माण करेगा टाटा समूह

टाटा समूह एप्पल के आईफोन का निर्माण करने वाली देश की पहली भारतीय कम्पनी बनने जा रही है। इस सम्बन्ध में 29 अक्टूबर, 2023 को घोषणा की गई। टाटा ग्रुप ने हाल ही में आईफोन मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी 'विस्ट्रॉन' के बेंगलुरु संयन्त्र को भारत में खरीदने का फैसला किया है। यह सौदा लगभग ₹ 1000 करोड़ में हुआ है। आईफोन का प्रोडक्शन 2.5 साल में शुरू हो जाएगा।

### अर्बन मोबिलिटी इण्डिया सम्मेलन और प्रदर्शनी 2023 का आयोजन

केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मन्त्री हरदीप सिंह पुरी ने 27 अक्टूबर, 2023 को नई दिल्ली में 16वें अर्बन मोबिलिटी इण्डिया भारत सम्मेलन और प्रदर्शनी 2023 का उद्घाटन किया।

सम्मेलन का विषय 'एकीकृत और लचीला शहरी परिवहन' था। यह सम्मेलन शहरों में कुशल, उच्च गुणवत्ता, एकीकृत और लचीली शहरी परिवहन प्रणालियों के डिजाइन और कार्यान्वयन पर केन्द्रित था।

### भारत का पहला घरेलू–निर्मित संदर्भ ईंधन लॉन्च

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मन्त्री हरदीप सिंह पुरी ने 26 अक्टूबर, 2023 को नई दिल्ली में भारत का पहला घरेलू-निर्मित संदर्भ ईंधन लॉन्च किया। संदर्भ ईंधन का उपयोग इंजन विकसित करने और उनके प्रदर्शन का आकलन करने के लिए किया जाता है। इससे पहले, भारत विशेष रूप से अन्य देशों से इसका आयात करता था।

### 'नमो शेतकारी महासम्मान निधि योजना' का शुभारम्भ

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 26 अक्टूबर, 2023 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के शिरडी में 'नमो शेतकरी महासम्मान निधि योजना' का शुभारम्भ किया। इससे महाराष्ट्र में प्रधानमन्त्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पंजीकृत 86 लाख से अधिक लोगों को लाभ होगा। यह योजना लाभार्थियों को प्रति वर्ष 6000 रुपये की अतिरिक्त राशि प्रदान करेगी।

### भारतीय बैंकों के लिए दो पूर्णकालिक निदेशक अनिवार्य

भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने 25 अक्टूबर, 2023 को भारतीय बैंकों के लिए एक महत्वपूर्ण आवश्यकता पेश की, जिसमें कहा गया कि अब उनके बोर्ड में कम-से-कम दो पूर्णकालिक निदेशक (WTD) होने चाहिए।

यह अधिदेश प्रबन्ध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (MD & CEO) पद तक विस्तारित है। इस कदम का उद्देश्य बैंकों को बैंकिंग क्षेत्र के भीतर बढ़ती जटिलता को नेविगेट करने और उभरती चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने में मदद करना है।

### NCERT की आगामी पुस्तकों में 'इण्डिया' की जगह होगा 'भारत'

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) ने 24 अक्टूबर, 2023 को देश भर की सभी पाठ्यपुस्तकों में 'इण्डिया' शब्द को 'भारत' से बदलने के लिए अपनी मंजूरी दे दी।

इस सिफारिश के पीछे का विचार राष्ट्र की समृद्ध विरासत को स्वीकार करते हुए 'भारत' नाम के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर जोर देना है। इस परिवर्तन का उद्देश्य भारत के ऐतिहासिक विकास की अधिक सूक्ष्म और व्यापक समझ प्रदान करना है।

### 2024 में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा भारत

वित्त मन्त्रालय द्वारा 23 अक्टूबर, 2023 को जारी समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार, भारत वित्त वर्ष 2024 में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

रिपोर्ट के अनुसार, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक ने इस वर्ष अगस्त में दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की है जो पिछले 14 माह में सबसे अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थिर राजस्व वृद्धि के साथ सरकार की राजकोषीय स्थिति मजबूत बनी हुई है।

### अमेरिका है भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार

संयुक्त राज्य अमेरिका निर्यात व आयात में गिरावट के बावजूद, 22 अक्टूबर, 2023 को वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही के दौरान भारत के सबसे बड़े व्यापारिक भागीदार के रूप में उभरा।

हालाँकि, इसी अवधि के दौरान भारत और चीन के बीच व्यापार में गिरावट आई। अप्रैल-सितम्बर 2023 में अमेरिका को निर्यात घटकर $ 38.28 अरब रह गया, जो एक वर्ष पहले $ 41.49 अरब था।

### गगनयान TV-D1 मिशन लॉन्च

ISRO के गगनयान कार्यक्रम के लिए डिजाइन किए गए परीक्षण वाहन-D1 (TV-D1) ने 21 अक्टूबर, 2023 को आन्ध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा द्वीप से सफलतापूर्वक उड़ान भरी।

TV-D1 लॉन्च का उद्देश्य कई महत्वपूर्ण मिशन उद्देश्यों को प्राप्त करना था, जिससे भारत अन्तरिक्ष में मनुष्यों को भेजने के अपने सपने को साकार करने के करीब आ गया है।

इस परीक्षण में वाहन मौजूदा तरल प्रणोदन प्रौद्योगिकी का उपयोग किया गया और इसमें इसमें थ्रॉटलेबल और पुनः आरम्भ करने योग्य L110 विकास इंजन सहित नवाचार शामिल थे।

### भारत का पहला RRTS लॉन्च

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 20 अक्टूबर, 2023 को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन पर दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ RRTS कॉरिडोर के प्राथमिकता खण्ड का उद्घाटन किया।

उन्होंने साहिबाबाद से दुहाई डिपो को जोड़ने वाली नमो भारत रैपिडएक्स ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई, जो भारत में क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (RRTS) के शुभारम्भ को चिह्नित करती है।

180 किमी/घण्टा की उल्लेखनीय डिजाइन गति के साथ, RRTS का उद्देश्य हर 15 मिनट में इंटरसिटी आवागमन के लिए हाई-स्पीड ट्रेनें प्रदान करना है।

### भारतीय नौसेना को मिला तीसरा गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर

अत्याधुनिक स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक 'यार्ड 12706 (इम्फाल)' को आधिकारिक तौर पर 20 अक्टूबर, 2023 को भारतीय नौसेना को हस्तान्तरित कर दिया गया।

इम्फाल प्रोजेक्ट 15B का तीसरा पोत है जिसे मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (MDL) में बनाया गया है।

यह भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो (WDB) द्वारा डिजाइन किया गया है और MDL द्वारा निर्मित स्वदेशी जहाज निर्माण में भारत के कौशल के प्रतीक के रूप में खड़ा है।

### सीवर में होने वाली मौतों व विकलांगता के लिए मुआवजा अनिवार्य

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 20 अक्टूबर, 2023 को देश में सीवर मौतों के मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाया।

सीवर सफाई के कारण स्थायी विकलांगता का शिकार होने वाले लोगों के लिए मुआवजे की राशि ₹ 30 लाख और मृतकों के परिजनों के लिए ₹ २० लाख निर्धारित की गई है।

इसके अतिरिक्त, यदि कोई सफाईकर्मी अन्य विकलांगों को बनाए रखता है, तो वे मुआवजे में ₹ 10 लाख तक प्राप्त करने के हकदार होंगे।

### अमृत काल विजन 2047 का उद्घाटन

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 17 अक्टूबर, 2023 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुम्बई में ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट (GMIS) 2023 के तीसरे संस्करण का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने ₹ 23000 करोड़ की 21 परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया और 'अमृत काल विजन 2047-भारतीय समुद्री नीली अर्थव्यवस्था के लिए एक रणनीतिक खाका' का अनावरण किया।

इन पहलों का उद्देश्य बंदरगाह सुविधाओं को बढ़ाना, टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देना और समुद्री क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहित करना है।

### 'अपना चन्द्रयान' वेब पोर्टल लॉन्च

केन्द्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 17 अक्टूबर, 2023 को 'अपना चंद्रयान' नामक एक वेब पोर्टल का अनावरण किया। यह वेब पोर्टल, शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के तहत राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) द्वारा विकसित किया गया है।

इसका उद्देश्य मिशन चन्द्रयान-3 से सम्बन्धित गतिविधि-आधारित सहायता सामग्री (क्विज़, पहेलियाँ, रंगीन पुस्तकें, पहेली पहेलियाँ) प्रदान करना है।

### व्यापार योग्य ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम की शुरूआत

केन्द्र सरकार ने 16 अक्टूबर, 2023 को एक राष्ट्रीय ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम शुरू किया, जो बाजार-आधारित तन्त्र के माध्यम से पर्यावरण के अनुकूल कार्यों को प्रोत्साहित करता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाजार आधारित

प्रोत्साहनों के माध्यम से सकारात्मक पर्यावरणीय योगदान को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम पर्यावरणीय कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए ग्रीन क्रेडिट के लिए एक प्रतिस्पर्धी बाजार-आधारित दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है।

### राइट्स लिमिटेड को 'नवरत्न' का दर्जा

रेल मन्त्रालय के तहत एक प्रमुख केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (CPSE) राइट्स लिमिटेड ने 13 अक्टूबर, 2023 को प्रतिष्ठित 'नवरत्न' का दर्जा प्राप्त किया। इसके साथ ही राइट्स लिमिटेड यह गौरव प्राप्त करने वाला भारत का 16वाँ CPSE बन गया है। नवरत्न का दर्जा प्राप्त करना देश की वृद्धि और विकास में इसके योगदान को स्वीकार करता है।

### भारत ने शुरू किया 'ऑपरेशन अजय'

भारत ने 11 अक्टूबर, 2023 को अपने नागरिकों की, जो वापस आना चाहते हैं, इजरायल से वापसी की सुविधा के लिए ऑपरेशन अजय शुरू किया। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के अनुसार, सरकार विदेशों में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। भारत सरकार ने इजरायल और फिलिस्तीन में चल रहे घटनाक्रमों के मद्देनजर स्थिति की निगरानी करने और अपने नागरिकों को सहायता प्रदान करने के लिए नई दिल्ली में 24 घण्टे काम करने वाला नियन्त्रण कक्ष स्थापित किया है।

### भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की फोर्ब्स सूची 2023

मुकेश अंबानी ने 11 अक्टूबर, 2023 को भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की फोर्ब्स सूची 2023 में पहला स्थान प्राप्त किया। भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की कुल सम्पत्ति इस वर्ष (2023) $ 799 अरब पर स्थिर रही। अंबानी के बाद गौतम अडानी ($ 68 अरब), शिव नादर ($ 29.3 अरब), सावित्री जिंदल ($ 24 अरब), राधाकिशन दमानी ($ 23 अरब), साइरस पूनावाला ($ 20.7 अरब) और हिन्दुजा परिवार ($ 20 अरब) का नम्बर आता है।

### पाँच राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा

भारत निर्वाचन आयोग ने 9 अक्टूबर, 2023 को मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना राज्यों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। इन पाँच राज्यों में विधानसभा चुनाव 7 से 30 नवम्बर, 2023 के बीच होंगे। इन पाँच राज्यों में 679 विधानसभा सीटें हैं, जिनमें 16 करोड़ मतदाता हैं और लगभग 60 लाख पहली बार मतदाता हैं जो इन चुनावों में भाग लेंगे।

### भारत AIBD के अध्यक्ष के रूप में पुनर्निर्वाचित

भारत को 6 अक्टूबर, 2023 को प्रतिष्ठित अन्तर्राष्ट्रीय संगठन एशिया-पैसिफिक इंस्टीट्यूट फॉर ब्रॉडकास्टिंग डेवलपमेंट (AIBD) जनरल कॉन्फ्रेन्स (GC) का नेतृत्व करने के लिए लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया।

भारत इससे पहले वर्ष 2018-21 और वर्ष 2021-23 तक AIBD GC के अध्यक्ष के रूप में दो कार्यकाल पूरा कर चुका है। UNESCO के तत्वावधान में वर्ष 1977 में स्थापित AIBD, एक अद्वितीय क्षेत्रीय अन्तर-सरकारी संगठन है, जिसमें वर्तमान में 44 देशों के 92 सदस्य संगठन हैं।

### मध्य प्रदेश में सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 35% आरक्षण

मध्य प्रदेश सरकार ने 5 अक्टूबर, 2023 को वन विभाग को छोड़कर अन्य सभी भर्ती में महिलाओं के लिए 35% आरक्षण प्रदान करने के लिए एक अधिसूचना जारी की। सरकार ने राज्य में महिलाओं के लिए 35% आरक्षण प्रदान करने के लिए मध्य प्रदेश सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष प्रावधान) नियम, 1997 में संशोधन प्रस्तुत किया है।

मध्य प्रदेश पंचायतों और शहरी निकायों के चुनावों में महिलाओं के लिए 50% आरक्षण शुरू करने वाला पहला राज्य था।

### 'राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड' का गठन

भारत सरकार ने 4 अक्टूबर, 2023 को राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन की अधिसूचना जारी की। राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड देश में हल्दी और हल्दी उत्पादों के विकास और वृद्धि पर ध्यान केन्द्रित करेगा।

राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड हल्दी से सम्बन्धित मामलों पर नेतृत्व प्रदान करेगा, प्रयासों को बढ़ाएगा और हल्दी क्षेत्र के विकास और वृद्धि में मसाला बोर्ड और अन्य सरकारी एजेन्सियों के साथ अधिक समन्वय की सुविधा प्रदान करेगा।

### 'PM विश्वकर्मा' योजना की शुरूआत

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 17 सितम्बर, 2023 को नई दिल्ली में केन्द्रीय क्षेत्र की 'PM विश्वकर्मा' योजना का आधिकारिक तौर पर शुभारम्भ किया।

भारत के केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल ने पारम्परिक कारीगरों और कारीगरों या 'विश्वकर्मा' को अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिए एण्ड-टू-एण्ड समर्थन के लिए पूरे भारत में PM विश्वकर्मा योजना को लागू करने के लिए 16 अगस्त, 2023 को अपनी मंजूरी दे दी थी।

इस योजना के तहत पारम्परिक कारीगरों और शिल्पकारों के लिए प्रशिक्षण, प्रौद्योगिकी, ऋण और बाजार सहायता के प्रावधान किए गए हैं ताकि उनके प्रयास को गति दी जा सके।

### भारत अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन और एक्सपो सेण्टर का शुभारम्भ

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 17 सितम्बर, 2023 को द्वारका (नई दिल्ली) में 'यशोभूमि' के रूप में जाने जाने वाले इण्डिया इण्टरनेशनल कन्वेंशन एण्ड एक्सपो सेंटर (IICC) के चरण 1 का अनावरण किया।

8.9 लाख वर्ग मीटर से अधिक के कुल परियोजना क्षेत्र और 1.8 लाख वर्ग मीटर से अधिक के कुल निर्मित क्षेत्र में निर्मित, IICC दुनिया के सबसे बड़े MICE (बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनी) सुविधाओं में से एक है, और देश में सबसे बड़ा LED मीडिया केन्द्र है।

यह भारत मण्डपम के बाद प्रदर्शनियों और सम्मेलनों के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढाँचे के साथ देश में दूसरा सम्मेलन केन्द्र है।

### खान और खनिज संशोधन विधेयक 2023 पारित

भारतीय संसद द्वारा 2 अगस्त, 2023 को खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक 2023 पारित किया गया।

यह निजी क्षेत्र को लिथियम सहित 12 परमाणु खनिजों में से 6 के साथ-साथ सोने और चाँदी जैसे गहरे खनिजों के लिए खनन कार्य करने में सक्षम बनाता है।

### अमेजन इण्डिया द्वारा पहला फ्लोटिंग स्टोर लॉन्च

अमेजन इण्डिया ने 1 अगस्त, 2023 को श्रीनगर, कश्मीर में डल झील पर अपना पहला फ्लोटिंग स्टोर लॉन्च किया। यह ग्राहकों को विश्वसनीय और सुविधाजनक वितरण सेवाएँ प्रदान करने के लिए कम्पनी के समर्पण के अनुरूप है। यह स्टोर अमेजन इण्डिया के 'आई हैव स्पेस' डिलीवरी प्रोग्राम का एक अभिन्न हिस्सा है।

### प्रधानमन्त्री मोदी द्वारा 'यूरिया गोल्ड' का शुभारम्भ

प्रधानमन्त्री मोदी ने 1 अगस्त, 2023 को राजस्थान की अपनी यात्रा के दौरान 'यूरिया गोल्ड' नामक एक नए प्रकार के यूरिया का शुभारम्भ किया। यूरिया गोल्ड को सल्फर लेपित यूरिया (SCU) के रूप में भी जाना जाता है।

यह सल्फर के साथ लेपित है, जो मिट्टी की गुणवत्ता को बढ़ा सकता है और किसानों के खर्च को कम कर सकता है। यह यूरिया की एक नई किस्म है जिसके लिए कम खेत की आवश्यकता होती है और फसल की गुणवत्ता में सुधार होता है।

### ISRO द्वारा छह सह-यात्री उपग्रहों का प्रक्षेपण

भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने 30 जुलाई, 2023 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अन्तरिक्ष केन्द्र के पहले लॉन्च पैड से PSLV-C56 रॉकेट लॉन्च किया। PSLV-C56 मिशन सिंगापुर के एक DS-SAR उपग्रह के साथ 6 सह-यात्री उपग्रहों को ले गया।

3600 किग्रा वजनी DS-SAR उपग्रह को सिंगापुर सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले DSTA और ST इन्जीनियरिंग द्वारा विकसित किया गया है।

### 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान की घोषणा

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 30 जुलाई, 2023 को स्वतन्त्रता दिवस के लिए 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान शुरू करने की घोषणा की।

इसका उद्देश्य देश के शहीद बहादुरों का सम्मान करना है। 'मेरी माटी मेरा देश' के अभियान के दौरान अमृत कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। यह 'अमृत कलश यात्रा' देश के गाँवों और विभिन्न कोनों से 7500 कलशों में मिट्टी लेकर दिल्ली पहुँचेगी।

### IFSC के माध्यम से विदेशी एक्सचेंज पर सूची बनाने की अनुमति

वित्तमन्त्री निर्मला सीतारमण ने 29 जुलाई, 2023 को घोषणा की कि भारतीय कम्पनियाँ अब विदेशी एक्सचेन्जों के साथ-साथ IFSC एक्सचेन्ज (अहमदाबाद) में भी सीधे लिस्टिंग के लिए जा सकती हैं।

सार्वजनिक और निजी स्वामित्व वाली भारतीय कम्पनियाँ अब गुजरात इण्टरनेशनल फिन-टेक सिटी में अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र (IFSC) पर अपने शेयरों को सूचीबद्ध कर सकती हैं।

### अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2023 का आयोजन

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 29 जुलाई, 2023 को दिल्ली के भारत मण्डपम में 'अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2023' का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के शुभारम्भ की तीसरी वर्षगाँठ के साथ मेल खाता है।

प्रधानमन्त्री मोदी ने PM श्री योजना के तहत धन की पहली किस्त भी जारी की। 6207 स्कूलों को पहली किस्त मिली है जिसमें कुल ₹ 6.30 अरब की राशि दी गई है। उन्होंने 12 भारतीय भाषाओं में अनूदित शिक्षा और कौशल पाठ्यक्रम की पुस्तकों का भी विमोचन किया।

### अखिल भारतीय बाघ अनुमान 2022 रिपोर्ट

भारत सरकार ने 29 जुलाई, 2023 को कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में मनाए गए वैश्विक बाघ दिवस के अवसर पर, 'बाघों की स्थिति रिपोर्ट 2022' जारी की। भारत में बाघों की संख्या वर्ष 2018 में 2967 से बढ़कर वर्ष 2022 में 3682 हो गई है, जो 6% की वार्षिक वृद्धि है।

बाघों की आबादी की ऊपरी सीमा 3925 और औसत संख्या 3682 बाघ होने का अनुमान है। इसके साथ, भारत वर्तमान में विश्व की जंगली बाघ आबादी का लगभग 75% है।

### सेमीकॉन इण्डिया 2023 का आयोजन

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 28 जुलाई, 2023 को गाँधीनगर (गुजरात) में सेमीकॉन इण्डिया 2023 का उद्घाटन किया। यह विशेषज्ञों के नेतृत्व वाली चर्चाओं के साथ भारत के सेमीकण्डक्टर क्षेत्र में निवेश के अवसरों पर केन्द्रित है। सम्मेलन का विषय 'भारत के सेमीकण्डक्टर पारिस्थितिकी तन्त्र को उत्प्रेरित करना' है। सम्मेलन का उद्देश्य भारत की अर्धचालक रणनीति और नीति का प्रदर्शन करना है।

### सात उत्पादों को मिला GI टैग

चेन्नई में भौगोलिक संकेतक रजिस्ट्री ने भारत के विभिन्न क्षेत्रों के 7 उत्पादों को भौगोलिक संकेत (GI) टैग दिया, जिसमें राजस्थान के चार उत्पाद शामिल हैं। GI टैग से सम्मानित उत्पादों में जलेसर धातु शिल्प' (UP का एक धातु शिल्प), 'गोवा मनकुरद आम', 'गोयन बेबिंका', 'उदयपुर कोफ्तगारी धातु शिल्प', 'बीकानेर काशीदकारी शिल्प', 'जोधपुर बंधेज शिल्प' और 'बीकानेर उस्ता कला शिल्प' शामिल हैं।

### 'मेरा गाँव मेरी धरोहर' पहल की शुरुआत

केन्द्रीय गृहमन्त्री अमित शाह ने 26 जुलाई, 2023 को आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में एक अनूठी पहल 'मेरा गाँव मेरी धरोहर' (MGMD) शुरू की। यह राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन के तहत संस्कृति मन्त्रालय की एक अखिल भारतीय पहल है।

संस्कृति मन्त्रालय ने इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (IGNCA) के सहयोग से राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन के तहत MGMD परियोजना शुरू की।

### संसद द्वारा संविधान (ST) आदेश (5वाँ संशोधन) विधेयक पारित

संसद ने 25 जुलाई, 2023 को संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (पाँचवाँ संशोधन) विधेयक 2022 पारित किया। विधेयक में संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश 1950 में संशोधन करने का प्रयास किया गया है।

विधेयक में छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जनजाति (ST) की सूची में धनुहार, धनुवार, कोण्ड, कोन्ध, किसान, सौंरा, सौंबरा और बिंझिया समुदायों को शामिल किया गया है।

### भारत द्वारा गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबन्ध

भारत ने 25 जुलाई, 2023 को देश के भीतर खुदरा कीमतों में अस्थिरता को स्थिर करने के लिए गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबन्ध लगा दिया। यह निर्णय खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मन्त्रालय द्वारा लिया गया था।

यह प्रतिबन्ध 'गैर-बासमती सफेद चावल' के सभी निर्यातों पर लागू होता है। भारत का यह फैसला महत्वपूर्ण है क्योंकि वह विश्व का प्रमुख चावल निर्यातक है। प्रतिबन्ध से छूट उन देशों को दी जाएगी जो सफेद चावल के निर्यात का अनुरोध करते हैं।

### भारत का पहला मत्स्य पालन अटल इनक्यूबेशन केन्द्र

केरल मत्स्य पालन और महासागर अध्ययन विश्वविद्यालय (KUFOS) मत्स्य पालन में भारत का पहला अटल इनक्यूबेशन केन्द्र (AIC) स्थापित करेगा। नीति आयोग से ₹ 10 करोड़ का अनुदान प्राप्त करने के बाद 25 जुलाई, 2023 को इसकी घोषणा की गई है। नीति आयोग ने मत्स्य पालन क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए KUFOS को अनुदान प्रदान किया।

### 'भरत मण्डपम' का उद्घाटन

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 23 जुलाई, 2023 को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मण्डपम नामक अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी-सह-सम्मेलन केन्द्र (IECC) परिसर का उद्घाटन किया। यह स्मारकीय परियोजना, लगभग ₹ 2700 करोड़ की अनुमानित लागत पर एक राष्ट्रीय प्रयास के रूप में विकसित की गई है। इसका उद्देश्य भारत को एक वैश्विक व्यापार गंतव्य के रूप में प्रदर्शित करना और बढ़ावा देना है।

### भारत का पहला प्राइवेट हिल स्टेशन 'लवासा'

भारत के पहले प्राइवेट हिल स्टेशन लवासा को 23 जुलाई, 2023 को डार्विन प्लेटफॉर्म इन्फ्रास्ट्रक्चर को ₹ 1.8 हजार करोड़ में बेचा गया। नेशनल कम्पनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT) की मंजूरी के बाद इसकी बिक्री की गई है।

इसका उद्देश्य ₹ 6642 करोड़ की कुल दावा राशि के साथ पर्यावरण मंजूरी प्राप्त करने के अधीन पाँच वर्ष के भीतर तैयार घरों की डिलीवरी सुनिश्चित करना है। लवासा हिल स्टेशन पुणे के पास पश्चिमी घाट के भीतर सुरम्य मुलशी घाटी में स्थित है।

### नवीन पटनायक बने भारत में दूसरे सबसे लम्बे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमन्त्री

ओडिशा के नवीन पटनायक 23 जुलाई, 2023 को पश्चिम बंगाल के ज्योति बसु की जगह देश में दूसरे सबसे लम्बे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमन्त्री बने।

सिक्किम के पूर्व मुख्यमन्त्री पवन कुमार चामलिंग के नाम अभी भी देश में सबसे लम्बे समय तक मुख्यमन्त्री रहने का रिकॉर्ड है।वह 12 दिसम्बर, 1994 से 27 मई, 2019 तक 24 वर्ष से अधिक समय तक हिमालयी राज्य के मुख्यमन्त्री रहे।

### एक्सप्रेस-वे और राष्ट्रीय राजमार्गों पर संकेत चिह्न हेतु दिशा-निर्दीशश

केन्द्र सरकार ने 21 जुलाई, 2023 को यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए एक्सप्रेस-वे और राष्ट्रीय राजमार्गों पर संकेतक लगाने के दिशा-निर्देश जारी किए। नये दिशा-निर्देश को केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मन्त्री नितिन गडकरी ने मंजूरी दी है।

यह वाहन चालकों को बेहतर दृश्यता और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं और विश्व मानकों को शामिल करके सड़क सुरक्षा को और बेहतर बनाने पर केन्द्रित है।

### जापान द्वारा भारत के साथ सेमीकण्डक्टर समझौते पर हस्ताक्षर

भारत और जापान ने वैश्विक आपूर्ति शृंखला में अपनी साझेदारी और लचीलेपन को मजबूत करने, सेमीकण्डक्टर पारिस्थितिकी तन्त्र को संयुक्त रूप से विकसित करने के लिए एक समझौते पर 20 जुलाई, 2023 को हस्ताक्षर किए।

जापान भारत के साथ सेमीकण्डक्टर समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला दूसरा QUAD सहयोगी बना।

### पारम्परिक दवाओं पर भारत और ASEAN सम्मेलन

नई दिल्ली ने 20 जुलाई, 2023 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में पारम्परिक दवाओं पर भारत-ASEAN सम्मेलन की मेजबानी की। यह लगभग 10 वर्षों के अन्तराल के बाद आयोजित किया जाता है।

सम्मेलन का उद्देश्य पारम्परिक दवाओं के विषय पर विचार-मंथन सत्र और विचार साझा करने की सुविधा प्रदान करना है।

आयुष मन्त्रालय ने विदेश मन्त्रालय और ASEAN में भारतीय मिशन के सहयोग से भारत के इस सम्मेलन का आयोजन किया।

### केन्द्रीय मन्त्री द्वारा 'भारत दाल' लॉन्च

केन्द्रीय मन्त्री पीयूष गोयल ने 19 जुलाई, 2023 को सस्ती कीमतों पर 'भारत दाल' ब्रैण्ड नाम के तहत सब्सिडी वाली चना दाल की बिक्री शुरू की।

सब्सिडी वाली चना दाल का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सस्ती कीमतों पर दाल उपलब्ध कराना है। सरकार के चने के स्टॉक को वितरण के लिए चना दाल में बदल दिया जाता है।

### सूरत में बनी विश्व की सबसे बड़ी ऑफिस बिल्डिंग

सूरत डायमण्ड बोर्स ने 19 जुलाई, 2023 को विश्व के सबसे बड़े कार्यालय परिसर के रूप में अमेरिकी सुरक्षा विभाग के पेंटागन कार्यालय परिसर को पीछे छोड़ दिया। सूरत डायमण्ड बोर्स के पूर्णतः कार्य करने से हीरा उद्योग की गतिशीलता और विकास को बढ़ावा मिलेगा। यह एक्सचेंज व्यापार, नवाचार और सहयोग के केन्द्र के रूप में काम करेगा, इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और 1.5 लाख से अधिक रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। सूरत डायमण्ड बोर्स 21 नवम्बर, 2023 से काम करना शुरू कर देगा।

### CRCS-सहारा रिफण्ड पोर्टल की शुरुआत

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मन्त्री अमित शाह ने 18 जुलाई, 2023 को दिल्ली में CRCS -सहारा रिफण्ड पोर्टल का शुभारम्भ किया।

इस पोर्टल का उद्देश्य सहारा समूह से जुड़े करोड़ों जमाकर्ताओं को अपना पैसा वापस लेने में मदद करना है।

CRCS सहारा रिफण्ड पोर्टल सहारा समूह की सहकारी समितियों के करोड़ों जमाकर्ताओं के लिए रिफण्ड प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक मंच है।

### एक्सपोर्ट प्रिपेयर्डनेस इण्डेक्स 2022 रिपोर्ट जारी

नीति आयोग ने भारत के राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों के लिए 'एक्सपोर्ट प्रिपेयर्डनेस इण्डेक्स (EPI) 2022' का तीसरा संस्करण 17 जुलाई, 2023 को जारी किया। सूचकांक के तीसरे संस्करण में तमिलनाडु ने कुल 80.89 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। महाराष्ट्र 78.20 अंक के साथ दूसरे और कर्नाटक 76.36 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। तटीय राज्यों की रैंकिंग में इसके बाद आन्ध्र प्रदेश (59.27), ओडिशा, पश्चिम बंगाल और केरल का स्थान रहा।

### नेशनल मल्टीडायमेन्शनल पॉवर्टी इण्डेक्स 2023 जारी

नीति आयोग द्वारा 17 जुलाई, 2023 को जारी नेशनल मल्टीडायमेन्शनल पॉवर्टी इण्डेक्स ए प्रोग्रेस रिव्यू 2023' रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2015-16 और 2019-21 के बीच, भारत में 13.5 करोड़ लोगों ने पाँच वर्षों की अवधि में सफलतापूर्वक स्वयं को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला है।

रिपोर्ट भारत में बहुआयामी रूप से गरीब व्यक्तियों की संख्या में बड़ी गिरावट पर प्रकाश डालती है, जो वर्ष 2015-16 में 24.85% से बढ़कर वर्ष 2019-21 में 14.96% हो गई, जो 9.89% अंकों की उल्लेखनीय कमी दर्शाती है।

### भारत और मलेशिया भारतीय रुपए में व्यापार करने पर सहमत

भारत और मलेशिया ने भारतीय रुपए में व्यापार करने पर सहमति जताई है। इस तन्त्र से भारत-मलेशिया द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि होने की उम्मीद है, जो कि वर्ष 2021-22 के दौरान $ 19.4 बिलियन का था।

सिंगापुर और इण्डोनेशिया के बाद मलेशिया ASEAN क्षेत्र में भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है।

इनका भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार क्रमशः $ 30.1 बिलियन और $ 26.1 बिलियन का है।

### चन्द्रमा मिशन : चन्द्रयान-3

भारत के चन्द्रमा मिशन का तीसरा संस्करण 'चन्द्रयान-3' 14 जुलाई 2023 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अन्तरिक्ष केन्द्र से लॉन्च व्हीकल मार्क-3 (LMV3) द्वारा लॉन्च किया गया।

यह भारत का तीसरा चन्द्रमा मिशन, चन्द्रयान-3 वस्तुतः चन्द्रयान-2 की निरन्तरता है।

चन्द्रयान-2 को जुलाई, 2019 में लॉन्च किया गया था जिसे एक ऑर्बिटर एवं एक लैण्डर (विक्रम) के रूप में प्रक्षेपित किया गया था।

चन्द्रयान-3 चन्द्रमा की सतह पर सुरक्षित लैण्डिंग और रोविंग की एण्ड-टू-एण्ड क्षमता प्रदर्शित करेगा। इसमें लैण्डर और रोवर विन्यास शामिल हैं।

## केन्द्रीय बजट 2023-24

वित्त मन्त्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी, 2023 को केन्द्रीय बजट 2023-24 प्रस्तुत किया।

### बजट की 7 प्राथमिकताएँ

1. समावेशी विकास
2. अन्तिम छोर-अन्तिम व्यक्ति तक पहुँच
3. बुनियादी ढाँचा और निवेश
4. निहित क्षमताओं का विस्तार
5. हरित विकास 6. युवा शक्ति 7. वित्तीय क्षेत्र

### प्रमुख तथ्य

- पूँजीगत व्यय वित्त वर्ष 2019-20 में पूँजीगत व्यय का लगभग 3 गुना है।
- बजट अनुमान वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 5.9% रहने का अनुमान है।
- नई कर व्यवस्था के तहत ₹ 7 लाख प्रति वर्ष तक की कर छूट का प्रावधान।
- ग्रामीण क्षेत्रों में युवा उद्यमियों द्वारा कृषि स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए स्थापित किया जाने वाला **कृषि त्वरक कोष**, किसानों की चुनौतियों के लिए अभिनव और किफायती समाधान लाएगा, लाभप्रदता को भी बढ़ाएगा और आधुनिक तकनीक लाएगा।
- **कृषि ऋण लक्ष्य** को बढ़ाकर ₹ 20 लाख करोड़ किया जाएगा।
- **PM विश्व कर्म कौशल सम्मान :** पारम्परिक कारीगरों और शिल्पकारों के लिए सहायता पैकेज की अवधारणा की गई है।
- **रेलवे** के लिए ₹ 2.40 लाख करोड़ का पूँजीगत परिव्यय प्रदान किया गया है।
- यह अब तक का सबसे अधिक परिव्यय 2013-14 में किए गए परिव्यय का लगभग 9 गुना है।
- वर्ष 2023-24 के लिए **रक्षा बजट** के आवंटन को पिछले साल के ₹ 5.25 लाख करोड़ से बढ़ाकर ₹ 593537.64 करोड़ कर दिया गया है।
- रक्षा पेन्शन के लिए अलग से ₹ 138205 करोड़ की राशि आवण्टित की गई है।
- एक बार की नई लघु बचत योजना, **महिला सम्मान बचत पत्र**, मार्च वर्ष 2025 तक 2 वर्ष की अवधि के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।
- वर्ष 2014 से स्थापित मौजूदा 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ मिलकर 157 नए नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जाएँगे।
- भाषाओं, भौगोलिक क्षेत्रों और शैलियों में गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों की उपलब्धता को **सुविधाजनक बनाने के लिए बच्चों और किशोरों के लिए राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय** स्थापित किया जाएगा।
- सरकारी कार्यक्रमों की संतृप्ति के लिए 500 ब्लॉकों को कवर करने वाले **आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम** शुरू किए गए हैं; कमजोर जनजातीय समूहों की स्थिति में सुधार लाने के लिए **प्रधानमन्त्री आदिम कमजोर जनजातीय समूह विकास मिशन** शुरू किया जा रहा है।
- **PM आवास योजना** के लिए परिव्यय 66% बढ़ाकर ₹ 79000 करोड़ से अधिक किया जा रहा है।
- अवसरों, व्यापार मॉडल और रोजगार क्षमता की नई श्रेणी का एहसास करने के लिए इंजीनियरिंग संस्थानों में स्थापित की जाने वाली 5G सेवाओं का उपयोग करके अनुप्रयोगों को विकसित करने के लिए **100 प्रयोगशालाएँ**।
- सरकार प्राथमिक कृषि ऋण समितियों द्वारा नकद जमा और ऋण के लिए प्रति सदस्य ₹ 2 लाख की उच्च सीमा प्रदान करेगी।

### कुछ उल्लेखनीय उपलब्धियाँ

- स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11.7 करोड़ घरेलू शौचालय
- उज्जवला के तहत 9.6 करोड़ LPG कनेक्शन
- 102 करोड़ व्यक्तियों का 220 करोड़ COVID टीकाकरण
- 47.8 करोड़ PM जन धन बैंक खाते
- PM सुरक्षा बीमा और PM जीवन ज्योति योजना के तहत 44.6 करोड़ व्यक्तियों के लिए बीमा कवर
- PM किसान सम्मान निधि के तहत 11.4 करोड़ से अधिक किसानों को ₹ 2.2 लाख करोड़ का नकद हस्तान्तरण

## आर्थिक समीक्षा 2022-23

केन्द्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मन्त्री निर्मला सीतारमण ने 31 जनवरी, 2023 को 'आर्थिक समीक्षा 2022-23' प्रस्तुत की। इसमें अगले वित्त वर्ष में वास्तविक रूप से 6.5% की बेसलाइन GDP वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के वास्तविक रूप से 7% की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

### मुख्य बातें

- भारतीय अर्थव्यवस्था में समस्त क्षेत्रों में उल्लेखनीय बेहतरी देखी गई है, वित्त वर्ष 2022-23 में यह महामारी पूर्व विकास पथ पर अग्रसर है।
- सामाजिक क्षेत्र में व्यय वर्ष 2016 के ₹ 9.1 लाख करोड़ से बढ़कर वर्ष 2023 में ₹ 21.3 लाख करोड़ हो गया है।
- स्वास्थ्य क्षेत्र पर केन्द्र एवं राज्य सरकारों का अनुमानित व्यय बढ़कर वित्त वर्ष 2023 (BE) में GDP का 2.1% और वित्त वर्ष 2022 (RE) में 2.2% हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2021 में यह 1.6% था।
- COVID टीके की 220 करोड़ से भी अधिक खुराक लोगों को दी गई हैं।
- **पर्यावरण के लिए जीवन शैली (LiFE)** के रूप में जन आन्दोलन शुरू किया गया।
- **राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन** से भारत वर्ष 2070 तक ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर हो जाएगा।
- **कृषि क्षेत्र में निजी निवेश** वर्ष 2020-21 में बढ़कर 9.3% हो गया।
- NFSA के तहत लगभग 81.4 करोड़ लाभार्थियों को एक साल तक मुफ्त अनाज मिलेगा।
- **PM-किसान** के अप्रैल-जुलाई 2022-23 भुगतान चक्र में लगभग 11.3 करोड़ किसानों को कवर किया गया।
- वित्त वर्ष 2022 में PLI योजनाओं के तहत ₹ 47500 करोड़ का निवेश - यह पूरे वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य का 106% है।
- भारत के ई-कॉमर्स बाजार के वर्ष 2025 तक हर साल 18% की दर से बढ़ने का अनुमान है।
- अप्रैल-दिसम्बर 2022 में वस्तु निर्यात $ 332.8 अरब का हुआ।
- भारत वर्ष 2022 में $100 अरब प्राप्त करके विश्व भर में **प्रेषित रकम का सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता** बन गया है।

# अन्तर्राष्ट्रीय

### अर्जेंटीना के नए राष्ट्रपति चुने गए 'जेवियर माइली'

अर्जेंटीना में 19 नवम्बर, 2023 को दक्षिणपंथी स्वतंत्रतावादी जेवियर माइली को देश का नया राष्ट्रपति चुना गया।

यह कदम तीन अंकों की मुश्वस्फीति, बढ़ती मंदी और बढ़ती गरीबी से प्रभावित अर्थव्यवस्था को ठीक करने के लिए कट्टरपंथी विचारों वाले एक बाहरी व्यक्ति पर विश्वास करता है।

राष्ट्रपति चुनाव में 97.6% वोटों के साथ, माइली को 55.8% और अर्थव्यवस्था मन्त्री सर्जियो मासा को 44.2% वोट मिले।

### मोहम्मद मुइज़्ज़ू बने मालदीव के 8वें राष्ट्रपति

डॉ. मोहम्मद मुइज़्ज़ू ने 17 नवम्बर, 2023 को मालदीव गणराज्य के आठवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।

उपराष्ट्रपति हुसैन मोहम्मद लतीफ ने भी पद की शपथ ली।

मालदीव के मुख्य न्यायाधीश अहमद मुतासिम अदनान ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

डॉ. मुइज़्ज़ू ने सितंबर 2023 में हुए चुनाव में निवर्तमान राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराया था।

### अमेरिका द्वारा चिकनगुनिया के पहले टीके को मंजूरी

US FDA ने 13 नवम्बर, 2023 को वाल्नेवा द्वारा विकसित दुनिया के पहले चिकनगुनिया टीके, 'Ixchiq' को मंजूरी दे दी।

एक खुराक में दिए जाने वाले Ixchiq में चिकनगुनिया वायरस का एक जीवित, कमजोर संस्करण होता है, जो टीकों के लिए मानक दृष्टिकोण का पालन करता है।

बुखार और गम्भीर जोड़ों के दर्द का कारण बनने वाला वायरस, आमतौर पर अफ्रीका, दक्षिण पूर्व एशिया और अमेरिका के कुछ हिस्सों के उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाया जाता है।

**पुर्तगाल के प्रधानमन्त्री ने दिया इस्तीफा**

पुर्तगाल के प्रधानमन्त्री एंटोनियो कोस्टा ने 9 नवम्बर, 2023 को अपना पद छोड़ दिया।

उन्होंने अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद त्याग-पत्र दे दिया है।

घटनाओं का यह मोड़ उनके चीफ ऑफ स्टाफ विक्टर एस्कारिया की गिरफ्तारी के बाद हुआ। एंटोनियो कोस्टा वर्ष 2015 में पुर्तगाल के प्रधानमन्त्री बने थे।

**सबसे पुराने ब्लैक होल की खोज**

शोधकर्ताओं ने एक ग्राउंडब्रेकिंग खोज में अब तक के सबसे प्राचीन ब्लैक होल की पहचान की है। इस सम्बन्ध में 7 नवम्बर, 2023 को जानकारी दी गई। यह खगोलीय विशालकाय ब्लैक होल बिग बैंग के दौरान ब्रह्मांड के जन्म के केवल 470 मिलियन वर्ष बाद अस्तित्व में आया।

यह खोज NASA के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप और चंद्र एक्स-रे वेधशाला के संयुक्त प्रयासों के माध्यम से सम्भव हुई।

**वैश्विक TB रिपोर्ट 2023 जारी**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने 7 नवम्बर, 2023 को अपनी वैश्विक TB रिपोर्ट 2023 जारी की। WHO ने वर्ष 2015 के बाद से वर्ष 2022 में क्षय रोग (TB) की घटनाओं में 16% की कमी और TB मृत्यु दर में 18% की कमी लाने में भारत की सफलता को स्वीकार किया है।

भारत की तीव्र केस डिटेक्शन रणनीतियों के परिणामस्वरूप वर्ष 2022 में मामलों की सबसे अधिक अधिसूचना हुई है, जिसके दौरान 24.22 लाख से अधिक TB मामलों को अधिसूचित किया गया था।

**चीन की बेल्ट एण्ड रोड पहल से बाहर निकलेगा फिलिपीन्स**

फिलिपीन्स ने 4 नवम्बर, 2023 को चीन के बेल्ट एण्ड रोड इनिशिएटिव से बाहर निकलने की घोषणा की है। पश्चिम और जापान के प्रतियोगियों के पक्ष में फिलिपीन परिवहन विभाग द्वारा प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की पूर्ण समाप्ति की घोषणा की गई है।

इससे फिलिपीन-चीन संबंधों में एक नया निम्न बिंदु आ गया है, जो बीजिंग समर्थक रोड्रिगो दुतेर्ते राष्ट्रपति पद के दौरान छह साल के गर्मजोशी भरे जुड़ाव से काफी उलट है।

**मलेशिया के 17वें राजा होंगे 'सुल्तान इब्राहिम'**

मलेशिया में 29 अक्टूबर, 2023 को आधिकारिक तौर पर घोषणा की गई कि दक्षिणी राज्य जोहोर के 'सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर' देश के अगले और 17वें राजा होंगे। इस पद पर शाह अल-सुल्तान अब्दुल्ला की जगह लेने वाले इब्राहिम इस्कंदर की नियुक्ति 31 जनवरी, 2024 से प्रभावी होगी। मलेशिया में राजा इस्लाम के प्रमुख और अपने सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ के रूप में कार्य करता है।

**कतर में 8 भारतीयों को मौत की सजा**

कतर की एक निचली अदालत ने 27 अक्टूबर, 2023 को आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों को मौत की सजा सुनाई है। ये पूर्व भारतीय नौसेना अधिकारी कतर के 'दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टिंग सर्विसेज' में काम करते थे।

अल जज़ीरा की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय नौसेना के इन आठ पूर्व अधिकारियों पर इजरायल के लिए पनडुब्बी कार्यक्रम पर जासूसी करने का आरोप है। इन पर कतर की पनडुब्बी परियोजनाओं से संबंधित आंकड़े इजरायल को देने का आरोप है।

**श्रीलंका द्वारा 7 देशों के लिए मुफ्त वीजा की घोषणा**

श्रीलंका ने 24 अक्टूबर, 2023 को भारत सहित सात देशों के पर्यटकों के लिए वीजा शुल्क माफ करके एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। अन्य छह देश चीन, रूस, थाईलैंड, इंडोनेशिया, मलेशिया और जापान हैं।

यह नीति 31 मार्च, 2024 तक प्रभावी रहेगी। इस कदम का उद्देश्य अधिक आगंतुकों को आकर्षित करना और देश को हाल की आर्थिक चुनौतियों से उबरने में मदद करना है।

**दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान का संयुक्त हवाई अभ्यास**

दक्षिण कोरिया, संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान ने 22 अक्टूबर, 2023 को अपना पहला संयुक्त हवाई अभ्यास किया।

इसका उद्देश्य उत्तर कोरिया द्वारा बढ़ते मिसाइल और परमाणु खतरों के खिलाफ रक्षा सहयोग और तैयारियों को मजबूत करना है।

इस अभ्यास में परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम एक अमेरिकी B-52 बमवर्षक विमान भी शामिल था और इसे कोरियाई प्रायद्वीप के दक्षिण में आसमान में आयोजित किया गया था।

**इजरायल–हमास संघर्ष**

इजरायल-हमास युद्ध में 25 अक्टूबर 2023 तक कम-से-कम 6546 लोग मारे जा चुके हैं। हमास के नेतृत्व वाले फिलिस्तीनी आतंकवादी समूहों और इजराइल के बीच सशस्त्र संघर्ष 7 अक्टूबर, 2023 को शुरू हुआ था। वर्ष 1973 के योम किप्पुर युद्ध की शुरुआत के ठीक 50 साल बाद, शेमिनी एत्ज़ेरेट यहूदी अवकाश की सुबह यह संघर्ष शुरू हुआ।

वर्ष 1948 में लड़े गए अरब-इजरायल युद्ध के बाद, यह इजरायल बनाम फिलिस्तीन संघर्ष पहला प्रत्यक्ष इजरायल गाजा संघर्ष है जो इजरायल की सीमाओं के भीतर लड़ा जा रहा है।

**बाफिन द्वीप में मिला हीलियम–3 का उच्च स्तर**

जर्नल 'नेचर' में 21 अक्टूबर, 2023 को प्रकाशित एक अध्ययन ने कनाडा के बाफिन द्वीप पर चट्टानों में हीलियम-3 के उच्च स्तर के साक्ष्य की सूचना दी। यह पेचीदा सम्भावना उठाता है कि पृथ्वी का कोर लीक हो सकता है। इस खोज का पृथ्वी की संरचना की हमारी समझ के लिए महत्वपूर्ण प्रभाव है और मुख्य सामग्री का अध्ययन करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है, जो पहले कभी नहीं किया गया है।

**अंटार्कटिका के पिघलते आइस शेल्फ ने बढ़ाई चिन्ता**

जर्नल 'साइंस एडवांसेज' में 15 अक्टूबर, 2023 को प्रकाशित एक अध्ययन ने अंटार्कटिका की आइस शेल्फ की खतरनाक स्थिति पर प्रकाश डाला है। शोध से पता चलता है कि अंटार्कटिका के आसपास की 162 आइस शेल्फ में से 71 ने वर्ष 1997 से 2021 तक महासागरों में 7.5 ट्रिलियन मीट्रिक टन पिघला हुआ पानी छोड़ा है। यह अध्ययन अंटार्कटिका के पश्चिमी और पूर्वी किनारों पर आइस शेल्फ के बीच एक स्पष्ट विभाजन दिखाता है।

**वियतनाम में टैगोर की प्रतिमा का अनावरण**

भारत के विदेश मन्त्री एस. जयशंकर ने 15 अक्टूबर, 2023 को वियतनाम के बाक निन्ह शहर में नोबेल पुरस्कार विजेता लेखक और कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर की आवक्ष प्रतिमा का उद्घाटन किया।

भारत और वियतनाम बौद्ध धर्म में निहित एक स्थायी सम्बन्ध बना रहे हैं। भारत और वियतनाम के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक सम्बन्ध इन दोनों देशों के बीच सम्बन्धों को मजबूत करना जारी रखते हैं।

**ग्लोबल हंगर इण्डेक्स 2023 जारी**

भारत को 12 अक्टूबर, 2023 को जारी ग्लोबल हंगर इण्डेक्स (GHI) 2023 में 125 देशों में से 111वें स्थान पर रखा गया है, जो वर्ष 2022 में अपने 107वें स्थान से गिरावट को दर्शाता है।

GHI 2023 रिपोर्ट के अनुसार, बेलारूस, बोस्निया एण्ड हर्जेगोविना, चिली, चीन शीर्ष रैंक वाले देशों (यानी, भूख का निम्न स्तर) में हैं और यमन, मेडागास्कर, मध्य अफ्रीकी गणराज्य सबसे नीचे हैं।

**कुवैत का जीवाश्म ईंधन उत्पादन को बढ़ावा**

कुवैत के तेल मन्त्री ने 9 अक्टूबर, 2023 को देश की जीवाश्म ईंधन उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से एक साहसिक रणनीति का अनावरण किया।

इस रणनीति में दुर्रा गैस क्षेत्र की तैयारी भी शामिल है, जिसे स्वामित्व के दावों पर ईरान के साथ विवाद के बीच सऊदी अरब के साथ संयुक्त रूप से साझा किया जाता है। कुवैत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (KPC) का प्राथमिक उद्देश्य वर्ष 2035 तक अपनी समग्र तेल उत्पादन क्षमता को 4 मिलियन बैरल प्रति दिन (B/D) तक बढ़ाना है।

**न्यू जर्सी में सबसे बड़ा हिन्दू मन्दिर**

रॉबिन्सविले, न्यू जर्सी (USA) में 8 अक्टूबर, 2023 को प्रमुख स्वामी महाराज द्वारा बनाए गए सबसे बड़े हिन्दू मन्दिर, BAPS स्वामीनारायण अक्षरधाम का उद्घाटन किया गया।

मन्दिर का फ्रण्ट इटली से प्राप्त संगमरमर की चार अलग-अलग किस्मों और बुल्गारिया से चूना पत्थर के साथ तैयार किया गया है। मंदिर की लंबाई 255 फीट, चौड़ाई 345 फीट और ऊँचाई 191 फीट है, जो 183 एकड़ में फैला हुआ है।

**ग्रीनवाशिंग से लड़ने के लिए नए मानक को मंजूरी**

यूरोपीय संसद के सदस्यों (MEPS) ने 7 अक्टूबर, 2023 को 'यूरोपीय ग्रीन बॉन्ड' लेबल के उपयोग के लिए एक नया स्वैच्छिक मानक अपनाया, जो दुनिया में अपनी तरह का पहला है।

यह विनियमन जारीकर्ताओं के लिए एक समान मानक निर्धारित करता है जो अपने बांड के विपणन के लिए पदनाम 'यूरोपीय ग्रीन बॉन्ड' (EuGB) का उपयोग करना चाहते हैं। मानक निवेशकों को अधिक टिकाऊ प्रौद्योगिकियों और व्यवसायों में अपने पैसे को अधिक आत्मविश्वास से निर्देशित करने में सक्षम बनाएंगे।

**THE वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 जारी**

टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) ने 1 अक्टूबर, 2023 को वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग का 20वाँ संस्करण जारी किया। THE वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में 108 देशों और क्षेत्रों के 1904 विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया है। यूनिवर्सिटी ऑफ़ ऑक्सफोर्ड लगातार आठवें वर्ष रैंकिंग में सबसे ऊपर है।

भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) बैंगलोर को भारतीय विश्वविद्यालयों में शीर्ष पर सूचीबद्ध किया गया है, और समग्र सूची में 201-250 के बीच स्थान दिया गया है।

### वैश्विक तम्बाकू महामारी 2023 पर WHO की रिपोर्ट

तम्बाकू नियन्त्रण पर WHO की नई रिपोर्ट 2 अगस्त, 2023 को जारी हुई जिसमें वैश्विक प्रगति पर प्रकाश डाला गया है, जिसमें सशक्तिकरण उपायों का कार्यान्वयन शामिल है।

रिपोर्ट के अनुसार, विश्व में, आज 300 मिलियन कम धूम्रपान करने वालों के साथ, धूम्रपान का प्रसार 22.8% (2007) से घटकर 17% (2021) हो गया।

WHO ने विशेष रूप से युवाओं के लिए एक सुरक्षित विकल्प के रूप में ई-सिगरेट के आक्रामक प्रचार के खिलाफ चेतावनी दी।

### UNESCO द्वारा स्कूलों में स्मार्टफोन पर वैश्विक प्रतिबन्ध लगाने का आग्रह

संयुक्त राष्ट्र एजेन्सी UNESCO ने 30 जुलाई, 2023 को मानव-केन्द्रित शिक्षा दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों में स्मार्टफोन पर वैश्विक प्रतिबन्ध लगाने का आग्रह किया।

रिपोर्ट स्कूलों में स्मार्टफोन पर दुनिया भर में प्रतिबन्ध का समर्थन करती है जहाँ प्रौद्योगिकी एकीकरण सीखने के परिणामों में सुधार नहीं करता है।

### स्पेन में लोकप्रिय पार्टी की जीत

स्पेन की कन्जर्वेटिव पॉपुलर पार्टी (PP) ने 24 जुलाई, 2023 को चुनाव जीता। PP बहुत बड़ी जीत हासिल करने और समाजवादी प्रधानमन्त्री पेड्रो सांचेज को हटाने के लिए मजबूर करने की अपनी उम्मीदों से पीछे रह गया।

इसके बजाय, उम्मीदवार अल्बर्टो नुनेज फीजू के नेतृत्व वाली पार्टी ने अधिकांश अभियान सर्वेक्षणों की अपेक्षाओं से कम प्रदर्शन किया।

नए प्रधानमन्त्री के नाम पर मतदान तभी होगा जब सांसदों को नई कॉंग्रेस ऑफ डेप्युटीज में शामिल किया जाएगा।

### रूस में लिंग परिवर्तन और ट्रांसजेण्डर विवाह पर प्रतिबन्ध

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 24 जुलाई, 2023 को नए कानून पर हस्ताक्षर किए, जो रूस में LGBTQ + समुदाय को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है।

संसद के दोनों सदनों द्वारा सर्वसम्मति से पारित कानून में लिंग परिवर्तन पर व्यापक प्रतिबन्ध शामिल है। किसी व्यक्ति के लिंग को बदलने और आधिकारिक दस्तावेजों या सार्वजनिक रिकॉर्ड पर सेक्स बदलने के उद्देश्य से चिकित्सा हस्तक्षेप सख्ती से निषिद्ध हैं।नया कानून केवल जन्मजात विसंगतियों के इलाज के लिए चिकित्सा हस्तक्षेप की अनुमति देता है।

### ट्विटर द्वारा नए लोगो 'एक्स' लॉन्च

लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर ने बड़े पैमाने पर रिब्रॉण्डिंग प्रयास के हिस्से के रूप में 23 जुलाई, 2023 को एक नया लोगो 'एक्स' लॉन्च किया।

नीले रंग के पक्षी के लोगो को 'एक्स' से बदल दिया गया है, जिसे अब वेबसाइट पर प्रमुखता से दिखाया गया है।

यह लोगो परिवर्तन वर्ष 2022 में एलन मस्क द्वारा ट्विटर का अधिग्रहण करने के बाद से नवीनतम महत्वपूर्ण अपडेट का प्रतिनिधित्व करता है।

### अर्जेण्टीना द्वारा HAL के साथ LOI का अनुबन्ध

अर्जेण्टीना के रक्षा मन्त्रालय ने 21 जुलाई, 2023 को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) के साथ एक आशय-पत्र (LOI) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इसका उद्देश्य अपने सशस्त्र बलों के लिए हल्के और मध्यम उपयोगिता वाले हेलीकॉप्टरों की खरीद करना है।

वर्ष 2019 के बाद से, भारत और अर्जेण्टीना ने अपने सम्बन्धों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया है। इस साझेदारी के हिस्से के रूप में, रक्षा सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन प्रभावी रहा है।

### खोजा गया 3000 वर्ष पुराना 'कोंडोर का मार्ग'

पेरू में पुरातत्वविदों ने 13 जुलाई, 2023 को चाविन डी हुआंटार पुरातात्विक स्थल पर एक रोमांचक खोज की। पुरातत्वविदों ने 3000 वर्ष पुराने एक सील मार्ग की खोज की है, जिसे 'कोंडोर का मार्ग' कहा जाता है।

यह लीमा, पेरू के उत्तर-पूर्व में लगभग 190 मील (306 किमी) की दूरी पर स्थित एक पुरातात्विक स्थल है। साइट चाविन संस्कृति का एक महत्वपूर्ण केन्द्र था, जो लगभग 1500-550 ईसा पूर्व में पनपा था।

### ट्यूनिकेट की एक नई जीवाश्म प्रजाति की खोज

शोधकर्ताओं ने 13 जुलाई, 2023 को मेगासाइफन थायलाकोस नामक ट्यूनिकेट की एक नई जीवाश्म प्रजाति की खोज की। मेगासाइफन थायलाकोस जीवाश्म लगभग 500 मिलियन वर्ष पुराना है।

खोज से पता चलता है कि आधुनिक ट्यूनिकेट बॉडी प्लान कैम्ब्रियन विस्फोट के तुरन्त बाद स्थापित किया गया था। ट्यूनिकेट्स, जिसे आमतौर पर समुद्री धारा के रूप में जाना जाता है, समुद्री जानवरों का एक समूह है।

### UAE को मिला एशिया–प्रशान्त मनी लॉण्ड्रिंग पर पर्यवेक्षक का दर्जा

संयुक्त अरब अमीरात (UAE) 13 जुलाई, 2023 को मनी लॉण्ड्रिंग पर एशिया/प्रशान्त समूह (APG) में पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त करने वाला पहला अरब देश बन गया है।

यह फाइनेंशियल एक्शन टॉस्क फोर्स (FATF) के समान एक क्षेत्रीय निकाय है। UAE APG के पूर्ण सत्र में एक पर्यवेक्षक के रूप में भाग ले रहा है, जो वर्तमान में वैंकूवर, कनाडा में हो रहा है।

### ग्लोबल मल्टीडायमेन्शनल पॉवर्टी इण्डेक्स 2023

ग्लोबल MPI 2023 को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) और ऑक्सफोर्ड पॉवर्टी एण्ड ह्यूमन डेवलपमेण्ट इनिशिएटिव (OPHI) द्वारा 11 जुलाई, 2023 को जारी किया गया।

इण्डेक्स के अनुसार, भारत सहित 25 देशों ने 15 वर्षों के भीतर अपने ग्लोबल MPI मूल्यों को सफलतापूर्वक आधा कर दिया, यह दर्शाता है कि तेजी से प्रगति संभव है। इन देशों में कम्बोडिया, चीन, कांगो, होंडुरास, भारत, इण्डोनेशिया, मोरक्को, सर्बिया और वियतनाम शामिल हैं।

### महिला सशक्तीकरण और वैश्विक लैंगिक समानता पर सूचकांक जारी

संयुक्त राष्ट्र महिला-UNDP की संयुक्त रिपोर्ट में महिला सशक्तीकरण सूचकांक (WEI) और वैश्विक लैंगिक समानता सूचकांक (GGPI) से जुड़े आँकड़े 20 जुलाई, 2023 को साझा किए गए हैं। इन दोनों ही सूचकांकों में भारत को पिछड़े देशों की सूची में रखा गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ष 2022 में केवल 24.9% महिलाओं ने माध्यमिक या उच्चतर शिक्षा हासिल की थी, जबकि पुरुषों में यह आँकड़ा 38.6% दर्ज किया गया।

### QS बेस्ट स्टूडेण्ट सिटीज रैंकिंग जारी

वैश्विक उच्च शिक्षा विशेषज्ञ QS क्वाक्वेरेली साइमण्ड्स ने QS बेस्ट स्टूडेण्ट सिटीज़ का 11वाँ संस्करण 20 जुलाई, 2023 को जारी किया है। जिसमें 26 नई प्रविष्टियों सहित 160 प्रमुख शैक्षिक स्थलों की तुलना की गई है।

विश्वभर में छात्रों के लिए लंदन पहले स्थान पर है, जिसे सबसे ज्यादा छात्रों से प्रतिक्रिया मिली है। वहीं, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के भी 2-2 शहरों ने टॉप-10 में जगह बनाई है। इसके अतिरिक्त कनाडा और USA के 3-3 शहरों ने टॉप-20 में जगह बनाई।

### हेनले पासपोर्ट इण्डेक्स 2023 जारी

लन्दन स्थित वैश्विक नागरिकता और निवास सलाहकार फर्म हेनले एण्ड पार्टनर्स द्वारा 17 जुलाई, 2023 को हेनले पासपोर्ट इण्डेक्स ने नई रैंकिंग जारी की। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सिंगापुर ने विश्व के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट के मामले में जापान की जगह ले ली है। तीन यूरोपीय देश अर्थात् जर्मनी, इटली और स्पेन सूचकांक में अब दूसरे स्थान पर हैं।

### EU और न्यूजीलैण्ड द्वारा मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

न्यूजीलैण्ड और यूरोपीय संघ (EU) ने 10 जुलाई, 2023 को मुक्त व्यापार समझौते (FTA) पर हस्ताक्षर किए। यह न्यूजीलैण्ड को चौथे सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार के रूप में महत्वपूर्ण नयी व्यापार पहुँच उपलब्ध कराएगा। दोनों पक्ष इस समझौते से एक दशक के भीतर द्विपक्षीय व्यापार में 30% तक वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं।

# खेल परिदृश्य

## क्रिकेट

### ICC विश्व कप 2023

भारत ने 5 अक्टूबर से 19 नवम्बर, 2023 तक ICC पुरुष क्रिकेट विश्व कप के 13वें संस्करण की मेजबानी की। इसके फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया।

ऑस्ट्रेलिया ने छठी बार यह खिताब जीता है। भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार मिला। यह पहला पुरुष क्रिकेट विश्व कप था जिसकी मेजबानी पूरी तरह से भारत ने की थी।

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2023

पंजाब ने 6 नवम्बर, 2023 को बड़ौदा को 20 रन से हराकर अपना पहला सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खिताब जीत लिया। अभिषेक शर्मा (पंजाब) को इस टूर्नामेंट में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। यह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का 16वां संस्करण था, जो भारत में आयोजित एक ट्वेंटी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता थी।

### ईरानी कप 2023-24

राजकोट (गुजरात) के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (SCA) स्टेडियम में 3 अक्टूबर, 2023 को शेष भारत ने सौराष्ट्र को हराकर ईरानी कप 2023-24 जीत लिया। शेष भारत ने सौराष्ट्र को 175 रन से हराकर अपना 31वाँ ईरानी कप खिताब जीता। सौरभ कुमार (शेष भारत) को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के रूप में नामित किया गया। ईरानी कप 2023-24 इस घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिता का 60वाँ संस्करण था।

### एशिया कप 2023

पाकिस्तान और श्रीलंका में 30 अगस्त से 17 सितम्बर, 2023 के बीच पुरुषों के एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का 16वाँ संस्करण आयोजित किया गया। भारत ने फाइनल में श्रीलंका को 10 विकेट से हराकर रिकॉर्ड आठवीं बार एशिया कप का खिताब जीत लिया।

फाइनल मैच के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को दिया गया। भारतीय स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार दिया गया।

### ACC मेन इमर्जिंग टीम एशिया कप 2023

पाकिस्तान की क्रिकेट टीम ने 23 जुलाई, 2023 को फाइनल में भारत A को हराकर एशियाई क्रिकेट परिषद (ACC) मेन इमर्जिंग टीम एशिया कप 2023 जीता। यह टूर्नामेण्ट आर. प्रेमदासा स्टेडियम, कोलम्बो (श्रीलंका) में आयोजित किया गया था।

इस टूर्नामेण्ट में पाकिस्तान की लगातार दूसरी जीत है, इससे पहले उसने ढाका, बांग्लादेश में बांग्लादेश के खिलाफ वर्ष 2019 के फाइनल में कप जीता था।

### दलीप ट्रॉफी 2023

दक्षिण क्षेत्र ने 16 जुलाई, 2023 को बेंगलुरु (कर्नाटक) में पश्चिम क्षेत्र को 75 रन से शिकस्त देकर दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेण्ट का खिताब जीता।

पश्चिम क्षेत्र ने 298 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 5वें दिन 222 रन बनाकर आउट हो गई। दक्षिण क्षेत्र की तरफ से बाएँ हाथ के स्पिनर साई किशोर और तेज गेंदबाज वासुकी कौशिक ने 4-4 विकेट लिए। दक्षिण क्षेत्र ने 14वीं बार दलीप ट्रॉफी का खिताब जीता है।

### IPL 2023

चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) ने 29 मई, 2023 को मुम्बई इण्डियन्स के एक रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए अपना पाँचवाँ इण्डियन प्रीमियर लीग (IPL) खिताब जीता।

**प्रमुख पुरस्कार विजेता और पुरस्कार राशि**

| पुरस्कार | विजेता | पुरस्कार राशि |
|---|---|---|
| विजेता | चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) | ₹ 20 करोड़ |
| उप-विजेता | गुजरात टाइटन्स (GT) | ₹ 12.5 करोड़ |
| MVP ऑफ द सीजन | शुभमन गिल (GT) | ₹ 10 लाख |
| पर्पल कैप (सर्वाधिक विकेट) | मोहम्मद शामी (GT) | ₹ 10 लाख |
| ऑरेन्ज कैप (सर्वाधिक रन) | शुभमन गिल (GT) | ₹ 10 लाख |

## बहु-खेल स्पर्धा

### 37वें राष्ट्रीय खेल 2023

गोवा राज्य में 25 अक्टूबर से 9 नवम्बर, 2023 तक भारत के 37वें राष्ट्रीय खेल आयोजित किए गए। महाराष्ट्र ने राष्ट्रीय खेलों में शुरू से ही अपना दबदबा कायम रखा और अपना पहला स्थान बरकरार रखा। महाराष्ट्र ने 80 स्वर्ण सहित कुल 228 पदक जीते।

सेना खेल नियंत्रण बोर्ड 66 स्वर्ण पदक सहित कुल 126 पदकों के साथ पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा। जबकि हरियाणा 62 स्वर्ण पदक सहित कुल 192 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट ट्रॉफी 'प्रणति नाइक' और 'संयुक्ता केट' को दी गई जबकि सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट ट्रॉफी 'श्रीहरि नटराज' को दी गई।

### एशियन पैरा गेम्स 2022

हांग्जो (चीन) में 22-28 अक्टूबर, 2023 तक एशियाई दिव्यांग एथलीटों के लिए एशियन पैरा गेम्स 2022 आयोजित किए गए।

एशियन पैरा गेम्स 2022 का आधिकारिक प्रतीक 'एवर फॉरवर्ड' था। जबकि आधिकारिक आदर्श वाक्य 'हार्ट्स मीट, ड्रीम्स शाइन' था।

**पदक तालिका में टॉप-5**

| देश | G | S | B | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 214 | 167 | 140 | 521 |
| ईरान | 44 | 46 | 41 | 131 |
| जापान | 42 | 49 | 59 | 150 |
| दक्षिण कोरिया | 30 | 33 | 40 | 103 |
| भारत | 29 | 31 | 51 | 111 |

### एशियन गेम्स 2023

हांगझोउ (चीन) में 23 सितम्बर से 8 अक्टूबर, 2023 तक 19वें एशियाई खेलों का आयोजन किया गया।

इन खेलों में कुल 45 ओलम्पिक खेलों और 61 विषयों में 45 देशों और क्षेत्रों के 11000 से अधिक एथलीटों ने भाग लिया।

भारत ने 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य सहित कुल 107 पदकों के साथ पदक तालिका में चौथा स्थान प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया।

चीन कुल 382 पदक (200 स्वर्ण, 111 रजत और 71 कांस्य) के साथ पदक तालिका में पहले स्थान पर रहा। जापान दूसरे स्थान (186 पदक) पर रहा, जबकि कोरिया गणराज्य को तीसरा स्थान (190 पदक) मिला।

### स्पेशल ओलम्पिक वर्ल्ड गेम्स 2023

16वें स्पेशल ओलम्पिक वर्ल्ड गेम्स का आयोजन 17-24 जून, 2023 तक बर्लिन (जर्मनी) में किया गया। यह पहली बार है जब जर्मनी ने स्पेशल ओलम्पिक वर्ल्ड गेम्स की मेजबानी की है।

भारत ने 202 पदक (76 स्वर्ण, 75 रजत और 51 कांस्य) जीतकर अपने स्पेशल ओलम्पिक गेम्स का समापन किया।

## टेनिस

### पेरिस मास्टर्स 2023

पेरिस (फ्रांस) में 30 अक्टूबर से 5 नवम्बर, 2023 तक पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट 2023 का आयोजन किया गया। सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने फाइनल में ग्रिगोर दिमित्रोव को हराकर पुरुष एकल का खिताब जीता।

टूर्नामेंट के इतिहास में किसी अन्य खिलाड़ी ने इसे तीन से अधिक बार नहीं जीता है। इस जीत के साथ ही उन्होंने मास्टर्स 1000 के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ जीत प्रतिशत के मामले में राफेल नडाल को पीछे छोड़ दिया।

### टाम्परे ओपन 2023

टाम्परे ओपन 2023 का आयोजन 17-23 जुलाई, 2023 के बीच फिनलैण्ड के टाम्परे में हुआ था। इसमें सुमित नागल ने यह ATP चैलेंजर पुरुष एकल खिताब जीता।

यह उनका चौथा ATP चैलेंजर टूर खिताब है। 25 वर्षीय भारतीय टेनिस खिलाड़ी, नागल ने चेक गणराज्य के डालीबोर स्वेरासिना को हराया।

### विम्बलडन 2023

स्पेन के कार्लोस अल्कैराज ने 17 जुलाई, 2023 को पुरुष एकल वर्ग में चार बार के चैम्पियन नोवाक जोकोविच को हराकर विम्बलडन खिताब 2023 हासिल किया।

मार्केटा वोंद्रोसोवा महिला एकल चैम्पियनशिप जीतने वाली पहली गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बनीं। फाइनल में मार्केटा वोंद्रोसोवा ने ओन्स जाबेउर को हराया, जो पिछले वर्ष के टूर्नामेण्ट में उप-विजेता रही थी।

### बार्सिलोना ओपन 2023

कार्लोस अल्काराज (स्पेन) ने 23 अप्रैल, 2023 को ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास को हराकर 2023 बार्सिलोना ओपन 2023 में पुरुष एकल खिताब जीता। यह उनका लगातार दूसरा खिताब है, उन्होंने इससे पहले 2022 में यह खिताब जीता था।

## फुटबॉल

### CONCACAF गोल्ड कप 2023

सेण्टियागो गिमनेज ने 17 जुलाई, 2023 को 88वें मिनट में गोल किए जिसकी बदौलत मैक्सिको ने पनामा को 1-0 से हराया।

इस प्रकार मैक्सिको ने रिकॉर्ड 9वीं बार CONCACAF गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेण्ट का खिताब जीता। टूर्नामेण्ट में मैक्सिको के खिलाफ सिर्फ 2 गोल हुए।

### SAFF चैम्पियनशिप 2023

मेजबान भारत ने 4 जुलाई, 2023 को कुवैत को पैनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर 9वीं बार SAFF फुटबॉल चैम्पियनशिप जीत ली। खिताबी मैच बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में खेला गया। यह भारत का कुल नौवाँ और लगातार दूसरा सैफ चैम्पियनशिप खिताब है। भारत ने इससे पहले खिताब वर्ष 1993, 1997, 1999, 2005, 2009, 2011, 2015 और 2021 में जीते हैं।

## एथलेटिक्स

### शिकागो मैराथन 2023

केन्या के केल्विन किप्टम ने 8 अक्टूबर, 2023 को शिकागो मैराथन 2023 को 2 घण्टे और 35 सेकण्ड के समय के साथ जीतकर पुरुषों का विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया।

इथियोपिया में जन्मी नीदरलैण्ड की 30 वर्षीय धाविका 'सिफान हसन' ने 2 घण्टे, 13 मिनट और 44 सेकण्ड में शिकागो मैराथन जीतकर महिला खिताब जीता।

### एशियन चैम्पियनशिप 2023

थाईलैण्ड के बैंकॉक में स्थित सुफाचलासाई नेशनल स्टेडियम में एशियन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2023 का आयोजन 12-16 जुलाई, 2023 तक हुआ।

इस पाँच दिवसीय इवेण्ट में भारतीय एथलीटों ने कुल 27 पदक जीते जिसमें 6 स्वर्ण, 12 रजत और 9 कांस्य पदक शामिल थे। पदक तालिका में भारत, जापान और चीन के बाद तीसरे स्थान पर रहा।

### लुसाने डायमण्ड लीग 2023

भारत के स्टार भाला फैंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने 1 जुलाई, 2023 को 87.66 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ लुसाने डायमण्ड लीग का खिताब जीता।

जर्मनी के जूलियन वेबर 87.03 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। जबकि चेक गणराज्य के जाकुब वाडलेक 86.13 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

## कबड्डी

### एशियन चैम्पियनशिप 2023

भारत एशियन कबड्डी चैम्पियनशिप 2023 के फाइनल में ईरान को 42-32 के स्कोर से 30 जून, 2023 को हराकर विजयी हुआ। इस चैम्पियनशिप का आयोजन बुसान, कोरिया में किया गया था।

नौवें संस्करण में भारत को इस जीत ने अब तक का कुल आठवाँ खिताब दिलवाया। भारत ने लीग चरण के समापन में अपराजित रहकर 5 मैचों की अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।

## शतरंज

### सुपर GM शतरंज टूर्नामेण्ट 2023

17 वर्षीय भारतीय ग्रैण्डमास्टर आर. प्रागनानन्दा ने 20 जुलाई, 2023 को सुपर GM शतरंज टूर्नामेण्ट वर्ष 2023 में शानदार जीत हासिल की।

आर. प्रागनानन्दा ने हंगरी में आयोजित वी गेजा हेटेनयी मेमोरियल सुपर GM शतरंज टूर्नामेण्ट 2023 का टाइटल जीता है। आर. प्रागनानन्दा ने 6.5 अंक अर्जित कर 10-खिलाड़ियों की प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया।

### सुपरबेट रैपिड एण्ड ब्लिट्ज पोलैण्ड 2023

विश्व शतरंज चैम्पियन मैग्नस कार्लसन ने 26 मई, 2023 को सुपरबेट रैपिड एण्ड ब्लिट्ज पोलैण्ड 2023 जीता। यह पोलिश यहूदियों के इतिहास में ग्रैण्ड शतरंज टूर (GCT) का दूसरा चरण है।

## हॉकी

### सुल्तान जोहोर कप 2023

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने 6 नवम्बर, 2023 को मलेशिया के जोहोर में सुल्तान जोहोर कप 2023 में कांस्य पदक हासिल किया। जर्मनी ने पेनल्टी शूटआउट में ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराकर 11 साल के इंतजार के बाद दूसरी बार सुल्तान जोहोर कप का खिताब जीता। भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम इससे पहले वर्ष 2013 और 2014 में दो बार प्रतिष्ठित जोहोर बाहरू कप जीत चुकी है।

### महिला एशियन चैम्पियन्स ट्रॉफी 2023

रांची (झारखण्ड) में 27 अक्टूबर से 5 नवम्बर, 2023 तक महिला हॉकी एशियन चैम्पियन्स ट्रॉफी का सातवां संस्करण आयोजित किया गया।

इसके फाइनल में भारत ने जापान को 4-0 से हराकर खिताब जीत लिया। चीन ने दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। यह भारत का दूसरा एशियन चैम्पियन्स ट्रॉफी खिताब था, जिसमें पहला वर्ष 2016 में आया था।

### टोर्नियो डेल सेण्टेनारियो 2023

भारतीय महिला हॉकी टीम ने 30 जुलाई, 2023 को बार्सिलोना केटेरासा में टोर्नियो डेल सेण्टेनारियो 2023 का खिताब जीता।

भारतीय महिला हॉकी टीम इस टूर्नामेण्ट में मेजबान स्पेन को 3-0 से हराकर विजयी हुई।

भारत ने चार मैचों में आठ अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि स्पेन और इंग्लैण्ड दोनों ने चार-चार अंक हासिल किए।

### FIH हॉकी प्रो लीग 2022-23

नीदरलैण्ड्स की पुरुष हॉकी टीम ने बेल्जियम के एण्टवर्प में आयोजित 4 जुलाई, 2023 को फाइनल में बेल्जियम को हराकर फेडरेशन इण्टरनेशनल डी हॉकी (FIH) प्रो लीग 2022-23 का चौथा संस्करण जीता।

नीदरलैण्ड्स मेन्स पुरुषों की प्रतियोगिता में दो बार खिताब जीतने वाली पहली टीम बन गई।

उन्होंने वर्ष 2021-22 सीजन में अपना पहला खिताब जीता।

### मेन्स जूनियर एशिया कप 2023

भारतीय हॉकी टीम ने 1 जून, 2023 को ओमान के सलालाह में सुल्तान कबूस यूथ कॉम्प्लेक्स स्टेडियम में मैन जूनियर एशिया कप के फाइनल में अपने प्रतिद्वन्द्वी पाकिस्तान को 2-1 से हराया। इस खिताबी जीत के साथ ही भारत मैन जूनियर एशिया कप के इतिहास में सबसे सफल देश बन गया है।

## शूटिंग

### ISSF जूनियर वर्ल्ड चैम्पियनशिप 2023

ISSF जूनियर वर्ल्ड चैम्पियनशिप 2023 में दक्षिण कोरिया में 16-24 जुलाई, 2023 तक आयोजित की जाएगी। भारत ने ISSF जूनियर वर्ल्ड चैम्पियनशिप के तीसरे संस्करण में दूसरा स्थान हासिल किया।

भारत को प्रभावशाली प्रदर्शन से इस चैम्पियनशिप में 6 स्वर्ण, 6 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 17 पदक मिले।

## टेबल टेनिस

### अल्टीमेट टेबल टेनिस 2023

गोवा चैलेंजर्स ने 30 जुलाई, 2023 को अल्टीमेट टेबल टेनिस सीजन 4 का खिताब जीतने के लिए गत चैम्पियन चेन्नई लायन्स पर 8-7 से सनसनीखेज जीत हासिल की।

फ्रेंचाइजी आधारित इस लीग का प्रचार नीरज बजाज और वीता दानी ने भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (TTFI) के तत्वावधान में किया।

## तीरन्दाजी

### विश्व युवा चैम्पियनशिप 2023

विश्व तीरंदाजी युवा चैम्पियनशिप, 2023 आयरलैण्ड के लिमरिक में 3-9 जुलाई, 2023 तक आयोजित की गई। भारत ने सबसे अधिक 11 पदक जीतकर चैम्पियनशिप में दूसरा स्थान हासिल किया।

कोरिया 6 स्वर्ण और 4 रजत सहित कुल 10 पदकों के साथ पहले स्थान पर रहा। भारत 6 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य सहित कुल 11 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

## फॉर्मूला-वन

### ब्रिटिश ग्रां प्री 2023

रेडबुल ड्राइवर मैक्स वेरस्टैपेन ने 9 जुलाई, 2023 को ब्रिटिश ग्रां प्री जीता। मैकलेरन के ड्राइवर लैण्डो नॉरिस दूसरे स्थान पर और मर्सिडीज के ड्राइवर लुईस हैमिल्टन तीसरे स्थान पर रहे। यह F1 वर्ल्ड चैम्पियनशिप 2023 का 74वाँ सीजन है।

मैक्स वेरस्टैपेन ने रेडबुल टीम के लिए रिकॉर्ड 11वीं लगातार जीत हासिल की और लगातार छठी रेस में जीत हासिल की।

### मोनाको ग्रां प्री 2023

मोनाको ग्रां प्री 2023 एक फॉर्मूला वन मोटर रेस 28 मई, 2023 को आयोजित की गई। रेस पोलसिटर मैक्स वर्स्टापेन (रेड बुल के ड्राइवर) ने जीती।

सर्जियो पेरेज (स्पेन) दूसरे और फर्नांडो अलोंसो (फ्रांस) इस रेस में तीसरे स्थान पर रहे। यह जीत वर्स्टापेन के सीजन की चौथी जीत थी।

## बैडमिण्टन

### आबू धाबी मास्टर्स 2023

आबू धाबी (UAE) में 17 से 22 अक्टूबर, 2023 तक आबू धाबी मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट 2023 आयोजित हुआ। 16 वर्षीय उन्नति हुड्डा (भारत) ने महिला एकल में 20 वर्षीय सामिया इमाद फारूकी (भारत) को हराया और यह उनका दूसरा BWF सुपर 100 विश्व टूर खिताब है। डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसेन ने अबू धाबी मास्टर्स 2023 में पुरुष एकल जीता। भारतीय जोड़ी तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा ने इस टूर्नामेंट में महिला युगल और मलेशिया की गोह सेजे फेई और नूर इजुद्दीन ने पुरुष युगल जीता।

### कनाडा ओपन 2023

कनाडा ओपन एक बैडमिण्टन टूर्नामेण्ट है जो 4-9 जुलाई, 2023 तक कैलगरी, कनाडा में हुआ। लक्ष्य सेन ने कनाडा ओपन 2023 में पुरुष एकल का खिताब जीत लिया।

सेन ने वर्ल्ड नम्बर-10 खिलाड़ी चीन की ली शी फेंग को हराकर कनाडा ओपन जीता है। लक्ष्य का इस सत्र में यह दूसरा BWF विश्व टूर खिताब है।

### मलेशिया मास्टर्स 2023

मलेशिया मास्टर्स 2023 मलेशिया के कुआलालम्पुर में 23-28 मई, 2023 तक खेली गई। भारत के शटलर एचएस प्रणय ने इस बैडमिण्टन चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीता।

प्रणय ने चीन के वांग होंगयांग को तीन गेम में हराकर फाइनल जीता। स्वर्ण पहली बार पुरुष एकल में हासिल हुआ। वहीं, महिला एकल में भारत ने तीन बार स्वर्ण जीता था। पीवी सिन्धु ने 2 बार और साइना नेहवाल ने 1 बार चैम्पियनशिप जीती थी।

## साइकिलिंग

### टूर डी फ्रांस 2023

जम्बो-विस्मा के डेनमार्क के जोनास विंगेगार्ड ने 26 जुलाई, 2023 को पेरिस (फ्रांस) में चैम्प्स-एलिसिस पर लगातार दूसरे वर्ष टूर डी फ्रांस का 110वाँ संस्करण जीता। विंगेगार्ड ने 2020-2021 के चैम्पियन स्लोवेनिया के तादेज पोगाकर से 7 मिनट 29 सेकण्ड आगे 21-दिवसीय दौड़ के बाद फिनिश लाइन पार की।

## गोल्फ

### द ओपन 2023

ओपन चैम्पियनशिप 2023 एक गोल्फ टूर्नामेण्ट है जो 20 से 23 जुलाई, 2023 तक रॉयल लिवरपूल गोल्फ क्लब में होयलेक, मर्सीसाइड, इंग्लैण्ड में खेला गया। ब्रायन हरमन ने अपनी पहला करियर ओपन चैम्पियनशिप जीती। यह हरमन के करियर की पहली बड़ी चैम्पियनशिप थी और 6 वर्ष में उनकी पहली PGA टूर जीत थी।

# पुरस्कार एवं सम्मान

## राष्ट्रीय

### साहित्य के लिए JCB पुरस्कार 2023

तमिल लेखक पेरुमल मुरुगन के उपन्यास 'फायर बर्ड', जिसका जननी कन्नन द्वारा अंग्रेजी में कुशलतापूर्वक अनुवाद किया गया है, 19 नवम्बर, 2023 को साहित्य के लिए JCB पुरस्कार 2023 में विजेता बनकर उभरा।

पेरुमल मुरुगन ने 12 उपन्यासों, लघु कथाओं के छह संग्रहों, कविता के छह संकलनों और कई गैर-कथा पुस्तकों के साथ साहित्य में एक महत्वपूर्ण छाप छोड़ी है।

### वैश्विक जिम्मेदार पर्यटन पुरस्कार

केरल को 6 नवम्बर, 2023 को वैश्विक जिम्मेदार पर्यटन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार राज्य के जिम्मेदार पर्यटन मिशन द्वारा राज्य द्वारा सफलतापूर्वक प्रचारित अपनी स्थायी और महिला-समावेशी पहल के लिए दिया गया है। केरल को 'बेस्ट फॉर लोकल सोर्सिंग-क्राफ्ट एंड फूड' श्रेणी में यह पुरस्कार मिला है।

### दादासाहेब फाल्के पुरस्कार 2021

राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा 17 अक्टूबर, 2023 को दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान को भारतीय सिनेमा में उत्कृष्ट योगदान के लिए दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

उन्होंने 90 से अधिक फिल्मों में काम किया है और उन्हें भारत के नागरिक पुरस्कारों, १९७२ में पद्म श्री और २०११ में पद्म भूषण, से सम्मानित किया जा चुका है।

### सरस्वती सम्मान 2022

तमिल लेखक शिवशंकरी को 12 अक्टूबर, 2023 को उनके संस्मरणों की पुस्तक 'सूर्य वन्सम' के लिए 'सरस्वती सम्मान 2022' से सम्मानित किया गया।

सूर्य वन्सम दो खंडों में संस्मरणों की एक पुस्तक है। सुश्री शिवशंकरी का जन्म वर्ष 1942 में हुआ था और उनका साहित्यिक करियर पांच दशक से अधिक का है। उन्होंने 36 उपन्यास, 48 उपन्यास, 150 लघु कथाएँ, पांच यात्रा वृत्तांत, निबन्धों के सात संग्रह और तीन आत्मकथाएँ लिखी हैं।

### लोकमान्य तिलक पुरस्कार 2023

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को इस वर्ष प्रतिष्ठित लोकमान्य तिलक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक तिलक के हाथों 1 अगस्त, 2023 को लोकमान्य तिलक की पुण्यतिथि पर प्रदान किया जाएगा।

तिलक स्मारक ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक तिलक और रोहित तिलक ने पुणे में एक संवाददाता सम्मेलन में इस सम्बन्ध में आधिकारिक घोषणा की।

### भूमि सम्मान 2023

भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 18 जुलाई, 2023 को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में केन्द्रीय ग्रामीण विकास मन्त्रालय द्वारा आयोजित एक समारोह में 'भूमि सम्मान' 2023 प्रदान किए। नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित भूमि सम्मान-2023 के समारोह में ओडिशा, मध्य प्रदेश, गुजरात, बिहार, असम, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल के नौ सचिवों सहित कुल 68 जिलों की टीम के अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

### AIFF पुरस्कार 2022-23

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ने कार्यकारी समिति के बाद अपने वार्षिक पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा 4 जुलाई, 2023 को की।

सैफ चैम्पियनशिप में भारतीय टीम के अभिन्न सदस्य ब्लू टाइगर्स के विंगर लालियांजुआला छांगटे को 'मैन सीनियर एथलीट ऑफ द ईयर' चुना गया, जबकि साइप्रस में अपोलोन के लिए खेलने वाली मनीषा कल्याण को 'बेस्ट वुमेन एथलीट ऑफ द ईयर' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

### बाल साहित्य पुरस्कार और युवा पुरस्कार

साहित्य अकादमी ने इस वर्ष के लिए बाल साहित्य पुरस्कार और युवा पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं की घोषणा 24 जून, 2023 को कर दी।

साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में अकादमी के कार्यकारी मण्डल की बैठक में सूची जारी की गई, जिसमें 22 बाल साहित्यकार और 20 युवा साहित्यकार पुरस्कार शामिल हैं।

बच्चों की प्रसिद्ध लेखिका सुधा मूर्ति को उनकी कहानियों के संग्रह 'ग्रैण्डपेरेण्ट्स बैग ऑफ स्टोरीज' के लिए बाल साहित्य पुरस्कार के लिए चुना गया है।

## अन्तर्राष्ट्रीय

### बैलन डी'ओर 2023

पेरिस (फ्रांस) में 1 नवम्बर, 2023 को अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए रिकॉर्ड आठवां बैलन डी'ओर जीता।

बैलन डी'ओर पुरस्कार फुटबॉल के क्षेत्र में दिया जाने वाला सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है।

महिला बैलन डी'ओर पुरस्कार स्पेन की ऐताना बोनामती को दिया गया है। याचिन ट्रॉफी सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलकीपर को दी जाती है जो अर्जेंटीना के एमिलियानो मार्टिनेज को दी गई।

### नोबेल प्राइज 2023

सभी छह श्रेणियों में नोबेल प्राइज 2023 के विजेताओं की घोषणा 3-9 अक्टूबर, 2023 तक की गई थी। *विजेताओं की सूची इस प्रकार है*

| वर्ग | विजेता | इस उपलब्धि के लिए |
|---|---|---|
| अर्थशास्त्र | क्लाउडिया गोल्डिन (USA) | महिलाओं के श्रम बाजार परिणामों की हमारी समझ को उन्नत करने के लिए |
| शान्ति | नरगेस मोहम्मदी (ईरान) | ईरान में महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ उनकी लड़ाई और सभी के लिए मानवाधिकारों और स्वतन्त्रता को बढ़ावा देने के लिए उनकी लड़ाई के लिए |
| साहित्य | जॉन फॉसे (नॉर्वे) | अपने अभिनव नाटकों और गद्य के लिए जो अकथनीय को आवाज देते हैं |
| रसायन विज्ञान | मौंगी जी. बावेंडी (फ्रांस), लुई ई. ब्रुस (USA) और अलेक्सी आई. एकिमोव (पूर्व USSR) | क्वांटम डॉट्स की खोज और संश्लेषण के लिए |
| भौतिक विज्ञान | पियरे एगोस्टिनी (USA), फेरेंक क्रॉस (जर्मनी) और ऐनी एल. हुइलियर (फ्रांस) | प्रयोगात्मक तरीकों के लिए जो पदार्थ में इलेक्ट्रॉन गतिशीलता के अध्ययन के लिए प्रकाश के एटोसेकंड पल्स उत्पन्न करते हैं। |
| फिजियोलॉजी या चिकित्सा | कैटेलिन करिको (हंगरी) और ड्रियू वीसमैन (USA) | न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से सम्बन्धित उनकी खोजों के लिए जो COVID-19 के खिलाफ प्रभावी mRNA टीकों के विकास को सक्षम करते हैं |

### UNWTO सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गाँव 2023

गुजरात के धोरडो गाँव ने 20 अक्टूबर, 2023 को विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) द्वारा घोषित शीर्ष 54 पर्यटन गाँवों की सूची में एक स्थान अर्जित करके वैश्विक प्रशंसा प्राप्त की। धोरडो गाँव ने एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में वैश्विक मंच पर अपना स्थान अर्जित करने के लिए एक लम्बा सफर तय किया है।

### ICC प्लेयर ऑफ द मंथ

भारत के शुभमन गिल और श्रीलंका की चामरी अटापट्टू को 13 अक्टूबर, 2023 को सितम्बर 2023 के लिए ICC प्लेयर ऑफ द मंथ घोषित किया गया। भारत के ट्रॉफी जीतने वाले एशिया कप अभियान और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान शुभमन गिल की उल्लेखनीय रन-स्कोरिंग उपलब्धियों ने उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान दिलाया।

### SASTRA रामानुजन पुरस्कार 2023

गणितज्ञ रुईक्सियांग झांग को गणित में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए SASTRA रामानुजन पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया जाएगा। झांग कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले (USA) में सहायक प्रोफेसर हैं। झांग का काम गणित के विभिन्न क्षेत्रों में फैला हुआ है, जिसमें विश्लेषणात्मक संख्या सिद्धान्त, संयोजन, यूक्लिडियन हार्मोनिक विश्लेषण और ज्यामिति शामिल हैं।

### माइल्स फ्रैंकलिन साहित्यिक पुरस्कार 2023

शंकरी चन्द्रन को 27 जुलाई, 2023 को वर्ष 2023 में प्रतिष्ठित माइल्स फ्रैंकलिन साहित्यिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

श्रीलंका में जन्मे ऑस्ट्रेलियाई लेखक को 'चाय के समय में दालचीनी गार्डन' उपन्यास के लिए सम्मानित किया गया। पुस्तक चन्द्रन का तीसरा प्रकाशित उपन्यास है, जो एक लेखक के रूप में उनके विकास और समर्पण को दर्शाता है।

### UNESCO का एशिया प्रशान्त सांस्कृतिक विरासत पुरस्कार

मुम्बई के भायखला रेलवे स्टेशन को 24 जुलाई, 2023 को UNESCO का एशिया प्रशान्त सांस्कृतिक विरासत पुरस्कार मिला। भायखला रेलवे स्टेशन मुम्बई उप-नगरीय रेलवे की मध्य लाइन पर रेलवे स्टेशन है। इसे सबसे पुराने रेलवे स्टेशनों में से एक माना जाता है जो अभी भी परिचालन में है।

### प्वॉइण्ट ऑफ लाइट पुरस्कार 2023

भारतीय मूल की सात वर्ष की एक बच्ची मोक्ष रॉय को पर्यावरण की मदद करने में उसके उत्कृष्ट प्रयासों के

लिए ब्रिटिश प्रधानमन्त्री का प्वॉइण्ट ऑफ लाइट पुरस्कार 19 जुलाई, 2023 को मिला।

मोक्ष रॉय ने माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र स्थिरता पहल के लिए स्वेच्छा से काम करना शुरू कर दिया, जब वह केवल 3 वर्ष की थी। वह अब विश्व की सबसे कम आयु की स्थिरता वकील के रूप में मान्यता प्राप्त है।

### पेन पिण्टर प्राइज 2023

प्रसिद्ध ब्रिटिश कवि और लेखक माइकल रोसेन को 6 जुलाई, 2023 को उनके साहित्यिक योगदान के लिए प्रतिष्ठित पेन पिण्टर अवार्ड, 2023 से सम्मानित किया गया। वह अपने काम और प्रदर्शन के माध्यम से कविता को बच्चों के लिए सुलभ बनाने के लिए जाने जाते हैं।

### इण्टरनेशनल बुकर प्राइज 2023

बल्गेरियाई लेखक जॉर्जी गोस्पोडिनोव ने 25 मई, 2023 को अपने उपन्यास 'टाइम शेल्टर' के लिए अन्तर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार 2023 जीता।

उपन्यास का अंग्रेजी में अनुवाद एंजेला रोडेल द्वारा किया गया था और यह अन्तर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतने वाला पहला बल्गेरियाई उपन्यास है।

### लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर 2023

लियोनेल मेसी को 8 मई, 2023 को पेरिस में आयोजित एक समारोह में लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**विजेताओं की सूची**

| श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवार्ड | लियोनेल मेसी |
| वर्ल्ड स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर अवार्ड | शेली-एन फ्रेजर-प्रीस |
| वर्ल्ड टीम ऑफ द ईयर अवार्ड | अर्जेण्टीना मैन फुटबॉल टीम |
| वर्ल्ड ब्रेकथ्रू ऑफ द ईयर अवार्ड | कार्लोस अल्काराज |
| वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर अवार्ड | क्रिश्चियन एरिक्सन |
| विकलांगता पुरस्कार के साथ वर्ल्ड स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर | कैथरीन डेब्रनर |
| वर्ल्ड एक्शन स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर | एलीन गु |
| लॉरियस स्पोर्ट फॉर गुड अवार्ड | TeamUp |

### पुलित्जर प्राइज 2023

पुलित्जर पुरस्कार 2023 विजेताओं की घोषणा 8 मई, 2023 को की गई थी, जिसमें 15 श्रेणियों में पत्रकारिता के लिए 20 पुरस्कार शामिल थे। पुलित्जर को सर्वोच्च सम्मान माना जाता है जो एक अमेरिकी- आधारित पत्रकार या संगठन द्वारा दिया जाता है।

**बुक्स, ड्रामा एण्ड म्यूजिक**

| | |
|---|---|
| फिक्शन (उपन्यास) | बारबरा किंगसोल्वर (हार्पर) द्वारा 'डीमन कॉपरहेड' |
| फिक्शन (उपन्यास) | हर्नान डियाज द्वारा 'ट्रस्ट' (रिवरहेड बुक्स) |

**जर्नलिज्म**

| | |
|---|---|
| ब्रेकिंग न्यूज रिपोर्टिंग | लॉस एन्जिलिस टाइम्स के कर्मचारी |
| खोजी रिपोर्टिंग | द वॉल स्ट्रीट जर्नल के कर्मचारी |

### कान्स फिल्म फेस्टिवल 2023 पुरस्कार

कान्स फिल्म फेस्टिवल 2023 पुरस्कार विजेताओं की सूची 27 मई, 2023 को घोषित की गई। यह सिनेमा का 76वाँ वार्षिक उत्सव है।

**76वें कान्स फिल्म फेस्टिवल के विजेता**

**पाल्मे डी' ऑर** 'एनाटॉमी ऑफ ए कॉल' – 'जस्टिन ट्रायल' द्वारा निर्देशित

**ग्राण्ड प्रिक्स** 'द जोन ऑफ इण्टरेस्ट' – जोनाथन ग्लेजर द्वारा निर्देशित

**बेस्ट डायरेक्टर** 'ट्रान अन हंग' – 'ला पेशन डी डोडिन बुफेण्ट (द पॉट एयू-फ्यू)' के लिए

## चर्चित व्यक्तित्व

### अशोक वासवानी

कोटक महिन्द्रा बैंक के बोर्ड ने 17 नवम्बर, 2023 को अशोक वासवानी को बैंक के निदेशक, प्रबंध निदेशक और CEO के रूप में नियुक्त किया। कोटक महिन्द्रा बैंक के MD और CEO के रूप में अशोक वासवानी की नियुक्ति तीन साल की अवधि के लिए है। अशोक वासवानी उदय कोटक का स्थान लेंगे, जिन्होंने 1 सितम्बर, 2023 से बैंक के MD के रूप में त्याग-पत्र दे दिया था।

### पंकज त्रिपाठी

प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता पंकज त्रिपाठी को 7 नवम्बर, 2023 को भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा 'UPI सुरक्षा राजदूत' के रूप में नियुक्त किया गया। NPCI ने उन्हें डिजिटल भुगतान प्लेटफार्मों पर सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए नियुक्त किया है।

### फ्रैंक बोरमैन

प्रथम अपोलो मून मिशन (1968) के कमांडर फ्रैंक बोरमैन का 7 नवम्बर, 2023 को 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। फ्रैंक बोरमैन NASA के एक अंतरिक्ष यात्री थे, जिन्होंने अपोलो 8 की देखरेख की, जो चंद्रमा की परिक्रमा करने वाला पहला चालक दल मिशन था और सफलतापूर्वक पृथ्वी पर लौट आया।

### प्रीति जिंटा

ब्रिटेन की बर्मिंघम सिटी यूनिवर्सिटी ने 5 नवम्बर, 2023 को भारतीय अभिनेत्री प्रीति जिंटा को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया। प्रीति जिंटा को यह सम्मान बॉलीवुड और बिजनेस जगत में उनके योगदान के लिए दिया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति ने प्रीति जिंटा को अपने 103वें स्थापना दिवस के अवसर पर यह सम्मान प्रदान किया।

### नरेन्द्र मोदी

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को 4 नवम्बर, 2023 को पांच साल के कार्यकाल के लिए श्री सोमनाथ ट्रस्ट (SST) के अध्यक्ष के रूप में चुना गया।

श्री सोमनाथ ट्रस्ट के 74 साल के लम्बे इतिहास में यह पहली बार है कि पांच साल के कार्यकाल के लिए अध्यक्ष चुना गया है।

### एंजेलो मैथ्यूज

श्रीलंकाई क्रिकेटर एंजेलो मैथ्यूज ने 1 नवम्बर, 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में टाइम आउट होने वाले पहले खिलाड़ी बनकर क्रिकेट के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया।

यह बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच क्रिकेट विश्व कप 2023 मैच के दौरान हुआ। मैथ्यूज अपने हेलमेट के साथ समस्याओं और प्रतिस्थापन के लिए बाद के अनुरोध के कारण निर्धारित 2 मिनट के भीतर तैयार होने की आवश्यकता को पूरा करने में विफल रहे।

### एमएस धोनी

भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने 28 अक्टूबर, 2023 को महान क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को अपना आधिकारिक ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया।

वह SBI के लिए विभिन्न विपणन और प्रचार अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। SBI के साथ अपने जुड़ाव के अलावा, उन्होंने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के जियोमार्ट के लिए ब्रांड एंबेसडर की भूमिका भी निभाई है।

### राजकुमार राव

भारत निर्वाचन आयोग (ECI) ने 26 अक्टूबर, 2023 को मतदाताओं के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए प्रसिद्ध अभिनेता राजकुमार राव के साथ राष्ट्रीय आइकन के रूप में हाथ मिलाया। आयोग ने मतदाताओं विशेषकर युवाओं में जागरूकता पैदा करने के लिए राजकुमार राव को राष्ट्रीय आइकन के रूप में मान्यता दी।

### ग्लेन मैक्सवेल

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ग्लेन मैक्सवेल ने 25 अक्टूबर, 2023 को वनडे विश्व कप के इतिहास में 40 गेंदों में सबसे तेज शतक दर्ज किया। उन्होंने 44 गेंदों में 106 रन बनाए। उन्होंने यह उपलब्धि दिल्ली में ICC पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के नीदरलैंड के खिलाफ मैच में हासिल की।

### संजय कुमार जैन

1990 बैच के भारतीय रेलवे यातायात सेवा (IRTS) के अधिकारी संजय कुमार जैन को 23 अक्टूबर, 2023 को IRCTC के अध्यक्ष और प्रबन्ध निदेशक (CMD) के रूप में नियुक्त किया गया। जनवरी 2021 में महेन्द्र प्रताप माल की सेवानिवृत्ति के बाद से भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (IRCTC) में CMD का पद खाली था।

### बिशन सिंह बेदी

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान बिशन सिंह बेदी का 23 अक्टूबर, 2023 को 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने 1967 से 1979 के बीच भारत के लिए 67 टेस्ट खेले और 266 विकेट लिए। उन्हें 1970 में पद्म श्री पुरस्कार और 2004 में सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

### शुभमन गिल

भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल 22 अक्टूबर, 2023 को धर्मशाला में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी टीम के विश्व कप मैच के दौरान एकदिवसीय मैचों में 2000 रन बनाने वाले सबसे तेज खिलाड़ी बन गए।

गिल ने 38 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की और दक्षिण अफ्रीका के हाशिम अमला के रिकॉर्ड को तोड़ा।

### रघुबर दास

झारखण्ड के पूर्व मुख्यमन्त्री रघुबर दास को 18 अक्टूबर, 2023 को ओडिशा का 26वाँ राज्यपाल नियुक्त किया गया। उन्होंने गणेशी लाल की जगह ओडिशा के राज्यपाल के रूप में पदभार संभाला। वह वर्ष 2014 से 2019 तक झारखण्ड के मुख्यमन्त्री रहे थे।

### इन्द्र सेन रेड्डी नल्लू

इन्द्र सेन रेड्डी नल्लू को 18 अक्टूबर, 2023 को त्रिपुरा के राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया। उन्होंने सत्यदेव नारायण आर्य की जगह त्रिपुरा के राज्यपाल के रूप में पदभार सम्भाला। वह भारतीय जनता पार्टी (BJP) के राष्ट्रीय सचिव हैं। वह हैदराबाद के मलकपेट से 3 बार विधायक चुने गए हैं।

### मार्टी अहित्सारी
फिनलैंड के 10वें राष्ट्रपति और प्रसिद्ध शान्ति मध्यस्थ मार्टी अहित्सारी का 16 अक्टूबर, 2023 को 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

वह कोसोवो, इण्डोनेशिया और उत्तरी आयरलैण्ड सहित संघर्ष क्षेत्रों में शान्ति स्थापित करने में उनके असाधारण काम हेतु प्रसिद्ध थे। उन्हें 2008 का नोबेल शान्ति पुरस्कार मिला था।

### नीरज चोपड़ा
वर्ल्ड एथलेटिक्स ने 14 अक्टूबर, 2023 को 2023 पुरुष एथलीट ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा को नामांकित किया। ओलंपिक और विश्व चैम्पियन नीरज चोपड़ा की इस पुरस्कार के लिए 10 अन्य एथलीटों से कड़ी प्रतिस्पर्धा है। विजेताओं की आधिकारिक घोषणा 11 दिसंबर, 2023 को वर्ल्ड एथलेटिक्स के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

### लुईस ग्लक
अमेरिकी कवि लुईस ग्लक का 14 अक्टूबर, 2023 को 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्हें 2020 में साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। अपने जीवनकाल के दौरान, लुईस ग्लक ने निबन्धों के कई संस्करणों के साथ 12 कविता संग्रह लिखे।

### सामिया सुलुहू हसन
तन्जानिया की राष्ट्रपति डॉ. सामिया सुलुहू हसन को 10 अक्टूबर, 2023 को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (JNU) द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्हें भारत-तन्जानिया सम्बन्धों को मजबूत बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सम्मानित किया गया और उन्होंने सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया।

### दिनेश कुमार खारा
केन्द्र सरकार ने 7 अक्टूबर, 2023 को भारतीय स्टेट बैंक (SBI) के अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा का कार्यकाल 28 अगस्त, 2024 तक बढ़ा दिया। 62 वर्षीय खारा का तीन साल का कार्यकाल 6 अक्टूबर, 2023 को समाप्त हो गया था। उन्हें 7 अक्टूबर, 2020 को तीन साल की अवधि के लिए SBI के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।

### तिरुचि जी. कन्नाबिरन
तिरुचि जी. कन्नाबिरन को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (NAAC) के नए निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। वह राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT) के पूर्व प्रभारी निदेशक हैं। कन्नबिरन ने 28 जुलाई, 2023 को पदभार ग्रहण किया और पाँच वर्ष तक इस पद पर रहेंगे।

### जेम्स स्की
ब्रिटेन के जेम्स फर्ग्यूसन 'जिम' स्की को 26 जुलाई, 2023 को नैरोबी (केन्या) में इण्टरगवर्नमेण्टल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (IPCC) के नए अध्यक्ष के रूप में चुना गया। उन्हें IPCC के 59वें सत्र के दौरान चुना गया था।

उन्होंने ब्राजील के थेलमा क्रुग के खिलाफ 90-69 वोट से चुनाव जीता।

### पैन गोंगशेंग
पैन गोंगशेंग को 25 जुलाई, 2023 को सेण्ट्रल बैंक ऑफ चाइना के गवर्नर के रूप में नियुक्त किया गया। पैन गोंगशेंग केन्द्रीय बैंक के डिप्टी गवर्नर हैं। इससे पहले वर्ष 2015 में पैन को चीन के विदेशी मुद्रा नियामक के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था।

### लिसा फ्रांसेटी
अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने एडमिरल लिसा फ्रांसेटी को 22 जुलाई, 2023 को अमेरिकी नौसेना का नेतृत्व करने के लिए नामित किया।

एडमिरल फ्रांसेटी संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ की पहली महिला सदस्य बन जाएँगी। वर्तमान में वह सितम्बर 2022 से नौसेना संचालन के 42वें उपप्रमुख के रूप में सेवारत हैं।

### अंशुमन झिंगरन
नवी मुम्बई के 18 वर्षीय ओपन वाटर तैराक अंशुमन झिंगरन ने 20 जुलाई, 2023 को नॉर्थ चैनल पार करने वाले सबसे कम आयु के व्यक्ति बनकर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। अंशुमान ने इस अविश्वसनीय उपलब्धि को केवल 125 दिनों में पूरा किया, जिससे उन्हें प्रतिष्ठित गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में स्थान मिला।

### केविन मिटनिक
विश्व के मोस्ट वाण्टेड कम्प्यूटर हैकर्स में से एक रहे केविन मिटनिक का 20 जुलाई, 2023 को 59 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने 1990 के दशक में दो वर्ष की संघीय खोज के बाद कम्प्यूटर और वायर धोखाधड़ी के लिए पाँच वर्ष जेल में बिताए।

### राकेश पाल
राकेश पाल को 19 जुलाई, 2023 को भारतीय तटरक्षक बल (ICG) के 25वें महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया।

उन्हें ICG का पहला गनर होने का गौरव प्राप्त है। पाल भारतीय नौसेना अकादमी के पूर्व छात्र हैं और जनवरी 1989 में ICG में शामिल हुए थे।

### निवृति राय
वैश्विक व्यापार एवं प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ के रूप में प्रसिद्ध निवृति राय को 19 जुलाई, 2023 को इन्वेस्ट इण्डिया की MD और CEO नियुक्त किया गया।

निवृति राय ने डिपार्टमेण्ट फॉर प्रोमोशन ऑफ इण्डस्ट्री एण्ड इण्टरनल ट्रेड (DPIIT) की संयुक्त सचिव मनमीत के. नन्दा से यह पदभार ग्रहण किया है।

### ओमान चाण्डी
केरल के पूर्व मुख्यमन्त्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओमान चाण्डी का 18 जुलाई, 2023 को निधन हो गया। वे 79 वर्ष के थे।

ओमान चाण्डी पिछले लम्बे समय से बीमार थे। ओमन चाण्डी वर्ष 2004-06 और वर्ष 2011-16 तक दो बार केरल के मुख्यमन्त्री रहे।

### शेख तलाल फहद अल अहमद अल सबाह
कुवैत के शेख तलाल फहद अल अहमद अल सबा को एशिया ओलम्पिक परिषद (OCA) का नया अध्यक्ष 10 जुलाई, 2023 को चुना गया।

शेख तलाल ने अपने भाई शेख अहमद अल फहद अल सबा की जगह ली। शेख तलाल के बड़े भाई ने वर्ष 2021 तक OCA का नेतृत्व किया।

### के. राजारमन
सरकार ने वरिष्ठ नौकरशाह और दूरसंचार सचिव के. राजारमन को इण्टरनेशनल फाइनेन्शियल सर्विसेज सेण्टर्स अथॉरिटी (IFSCA) के अगले अध्यक्ष के रूप में 9 जुलाई, 2023 को नियुक्त किया।

वह पहले IFSCA अध्यक्ष इंजेती श्रीनिवास की जगह लेंगे, जिन्होंने वर्ष 2020 से प्राधिकरण का नेतृत्व किया है।

### शेओ कुमार सिंह
केन्द्र सरकार ने 6 जुलाई, 2023 को राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) के न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति शेओ कुमार सिंह को नए अध्यक्ष की नियुक्ति होने तक ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत किया। इनसे पहले न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल अध्यक्ष थे, जो 6 जुलाई, 2023 को सेवानिवृत्त हो गए।

### अजय भटनागर
भारतीय पुलिस सेवा (IPS) के वरिष्ठ अधिकारी अजय भटनागर को केन्द्रीय जाँच ब्यूरो (CBI) में विशेष निदेशक के रूप में 29 जून, 2023 को नियुक्त किया गया। वे इस पद पर 20 नवम्बर, 2024 तक अर्थात् सेवानिवृत्ति की तारीख तक रहेंगे।

### अजय बांगा
भारतीय मूल के अजय बांगा को आधिकारिक तौर पर 2 जून, 2023 को विश्व बैंक के 14वें अध्यक्ष के रूप में चुना गया।

विश्व बैंक के 25-सदस्यीय कार्यकारी बोर्ड ने अजय बांगा को 5 वर्ष की अवधि के लिए अध्यक्ष पद के लिए चुना।

### राजेश कुमार आनन्द
एयर मार्शल राजेश कुमार आनन्द ने 1 जून, 2023 को एयर ऑफिसर-इन-चार्ज एडमिनिस्ट्रेशन (AOA) के रूप में पदभार सम्भाला।

36 वर्ष से अधिक के करियर में, एयर मार्शल ने विभिन्न क्षेत्रों और कर्मचारियों की नियुक्तियाँ की हैं।

### शालिनी सिंह
शालिनी सिंह 30 मई, 2023 को उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी के हिमालयी क्षेत्र में उन्नत पर्वतारोहण पाठ्यक्रम पूरा करने वाली पहली महिला NCC कैडेट बनीं।

सीनियर विंग NCC कैडेट शालिनी सिंह को 67 उत्तर प्रदेश बटालियन में नामांकित किया गया था।

### गिरीश चन्द्र मुर्मू
भारत के नियन्त्रक और महालेखा परीक्षक, गिरीश चन्द्र मुर्मू को 29 मई, 2023 को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के बाहरी लेखा परीक्षक के रूप में फिर से चुना गया।

उन्हें वर्ष 2024 से वर्ष 2027 तक 4 वर्ष के कार्यकाल के लिए WHO के बाहरी लेखा परीक्षक के रूप में चुना गया है।

## नवीनतम कौन-क्या

| | |
|---|---|
| **राष्ट्रपति** | द्रौपदी मुर्मू |
| **उप-राष्ट्रपति** | जगदीप धनखड़ |
| **प्रधानमन्त्री** | नरेन्द्र मोदी |

**कैबिनेट मन्त्री**

| नाम | पोर्टफोलियो |
|---|---|
| राजनाथ सिंह | रक्षा |
| अमित शाह | गृह; सहकारिता |
| नितिन गडकरी | सड़क परिवहन एवं राजमार्ग |
| निर्मला सीतारमण | वित्त; कॉर्पोरेट कार्य |
| नरेन्द्र सिंह तोमर | कृषि एवं किसान कल्याण |
| एस. जयशंकर | विदेश |
| अर्जुन मुण्डा | जनजातीय कार्य |
| स्मृति जुबिन ईरानी | महिला एवं बाल विकास; अल्पसंख्यक कार्य |
| पीयूष गोयल | वाणिज्य एवं उद्योग; उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण; वस्त्र |
| धर्मेन्द्र प्रधान | शिक्षा; कौशल विकास और उद्यमिता |
| प्रल्हाद जोशी | संसदीय कार्य; कोयला; खनन |
| नारायण तातू राणे | सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम |
| सर्बानन्द सोनोवाल | पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग; आयुष |
| वीरेन्द्र कुमार | सामाजिक न्याय और अधिकारिता |
| गिरिराज सिंह | ग्रामीण विकास; पंचायती राज |
| ज्योतिरादित्य सिन्धिया | नागरिक उड्डयन; इस्पात |
| अश्विनी वैष्णव | रेलवे; संचार; इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी |
| पशुपति कुमार पारस | खाद्य प्रसंस्करण उद्योग |
| गजेन्द्र सिंह शेखावत | जल शक्ति |
| किरेन रिजिजू | पृथ्वी विज्ञान |
| राजकुमार सिंह | विद्युत; नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा |
| हरदीप सिंह पुरी | पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस; आवासन और शहरी कार्य |
| मनसुख मण्डाविया | स्वास्थ्य और परिवार कल्याण; रसायन और उर्वरक |
| महेन्द्र नाथ पाण्डेय | भारी उद्योग |
| भूपेन्दर यादव | पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन; श्रम और रोजगार |
| परषोत्तम रूपाला | मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी |
| जी. किशन रेड्डी | संस्कृति; पर्यटन; पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास |
| अनुराग सिंह ठाकुर | सूचना एवं प्रसारण; युवा कार्यक्रम व खेल |

**राज्य मन्त्री** (स्वतन्त्र प्रभार)

| नाम | पोर्टफोलियो |
|---|---|
| राव इन्दरजीत सिंह | सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन (स्वतन्त्र प्रभार); योजना (स्वतन्त्र प्रभार); कॉर्पोरेट कार्य |
| जितेन्द्र सिंह | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (स्वतन्त्र प्रभार); प्रधानमन्त्री कार्यालय; कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेन्शन; परमाणु ऊर्जा विभाग; अन्तरिक्ष विभाग |
| अर्जुन राम मेघवाल | विधि एवं न्याय |

**राज्य मन्त्री**

| नाम | पोर्टफोलियो |
|---|---|
| श्रीपद येसो नाइक | पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग; पर्यटन |
| फग्गनसिंह कुलस्ते | इस्पात; ग्रामीण विकास |
| अर्जुन राम मेघवाल | संसदीय कार्य; संस्कृति |
| प्रहलाद सिंह पटेल | जल शक्ति; खाद्य प्रसंस्करण उद्योग |
| अश्विनी कुमार चौबे | उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण; पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन |
| जनरल (सेनि.) वीके सिंह | सड़क परिवहन एवं राजमार्ग; नागरिक उड्डयन |
| कृष्ण पाल | विद्युत; भारी उद्योग |
| दानवे रावसाहेब दादाराव | रेलवे; कोयला; खनन |
| रामदास अठावले | सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता |
| साध्वी निरंजन ज्योति | उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण; ग्रामीण विकास |
| संजीव कुमार बाल्यान | मत्स्य पालन, पशुपालन व डेयरी |
| नित्यानन्द राय | गृह |
| पंकज चौधरी | वित्त |
| अनुप्रिया सिंह पटेल | वाणिज्य एवं उद्योग |
| एसपी सिंह बघेल | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण |
| शोभा करांदलाजे | कृषि एवं किसान कल्याण |
| भानु प्रताप सिंह वर्मा | सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम |
| राजीव चन्द्रशेखर | कौशल विकास एवं उद्यमिता; इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी |
| दर्शना विक्रम जरदोश | वस्त्र; रेलवे |
| वी. मुरलीधरन | विदेश; संसदीय कार्य |
| मीनाक्षी लेखी | संस्कृति |
| सोम प्रकाश | वाणिज्य एवं उद्योग |
| रेणुका सिंह सरूता | जनजातीय कार्य |
| रामेश्वर तेली | श्रम और रोजगार; पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस |
| कैलाश चौधरी | कृषि एवं किसान कल्याण |

| नाम | पोर्टफोलियो |
|---|---|
| अन्नपूर्णा देवी | शिक्षा |
| ए. नारायणस्वामी | सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता |
| कौशल किशोर | आवासन और शहरी कार्य |
| अजय भट्ट | रक्षा; पर्यटन |
| बीएल वर्मा | पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास; सहकारिता |
| अजय कुमार | गृह |
| देवुसिंह चौहान | संचार |
| भगवन्त खुबा | नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा; रसायन और उर्वरक |
| कपिल मोरेश्वर पाटिल | पंचायती राज |
| प्रतिमा भौमिक | सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता |
| सुभाष सरकार | शिक्षा |
| भागवत किशनराव कराड | वित्त |
| राजकुमार रंजन सिंह | शिक्षा; विदेश |
| भारती प्रवीण पवार | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण |
| शान्तनु ठाकुर | पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग |
| बिश्वेश्वर टुडू | जनजातीय कार्य; जल शक्ति |
| मुंजापारा महेन्द्रभाई | महिला एवं बाल विकास; आयुष |
| जॉन बारला | अल्पसंख्यक कार्य |
| एल. मुरुगन | मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी; सूचना एवं प्रसारण |
| निसिथ प्रमाणिक | गृह; युवा कार्यक्रम और खेल |

**राज्यपाल एवं मुख्यमन्त्री**

| राज्य | राज्यपाल | मुख्यमन्त्री |
|---|---|---|
| आन्ध्र प्रदेश | एस. अब्दुल नजीर | जगनमोहन रेड्डी |
| गोवा | पीएस श्रीधरन पिल्लई | प्रमोद सावन्त |
| अरुणाचल प्रदेश | केटी परनाइक | पेमा खाण्डू |
| असम | गुलाब चन्द कटारिया | हेमन्त बिस्वा सरमा |
| गुजरात | आचार्य देव व्रत | भूपेन्द्र पटेल |
| कर्नाटक | थावरचन्द गहलोत | सिद्धारमैया |
| केरल | आरिफ मोहम्मद खान | पी. विजयन |
| महाराष्ट्र | रमेश बैस | एकनाथ शिन्दे |
| मणिपुर | अनुसूइया उइके | एन. बिरेन सिंह |
| मेघालय | फागू चौहान | कोनराड संगमा |
| मिजोरम | हरि बाबू कम्भमपति | जोरमथांगा |
| नागालैण्ड | ला गणेशन | नेफियू रियो |
| ओडिशा | रघुबर दास | नवीन पटनायक |
| सिक्किम | लक्ष्मण प्रसाद आचार्य | प्रेम सिंह तमांग |
| तमिलनाडु | आरएन रवि | एमके स्टालिन |
| त्रिपुरा | इन्द्र सेन रेड्डी नल्लू | माणिक साहा |
| उत्तराखण्ड | गुरमीत सिंह | पुष्कर सिंह धामी |

| राज्य | राज्यपाल | मुख्यमन्त्री |
|---|---|---|
| पश्चिम बंगाल | सीवी आनन्द बोस | ममता बनर्जी |
| राजस्थान | कलराज मिश्र | भजनलाल शर्मा |
| उत्तर प्रदेश | आनन्दीबेन पटेल | योगी आदित्यनाथ |
| बिहार | राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर | नीतीश कुमार |
| पंजाब | बनवारीलाल पुरोहित | भगवन्त मान |
| छत्तीसगढ़ | बिस्वभूषण हरिचन्दन | विष्णुदेव साय |
| हिमाचल प्रदेश | शिव प्रताप शुक्ला | सुखविन्दर सिंह सुक्खू |
| हरियाणा | बण्डारू दत्तात्रेय | मनोहर लाल खट्टर |
| मध्य प्रदेश | मंगूभाई छगनभाई पटेल | डा. मोहन यादव |
| तेलंगाना | तमिलिसाई सुन्दरराजन | के. चन्द्रशेखर राव |
| झारखण्ड | सीपी राधाकृष्णन | हेमन्त सोरेन |

## संघीय प्रदेशों का प्रशासन

| संघीय प्रदेश | मुख्यमन्त्री | उप-राज्यपाल/प्रशासक |
|---|---|---|
| जम्मू-कश्मीर | – | मनोज सिन्हा (उप-राज्यपाल) |
| लद्दाख | – | बीडी मिश्रा (उप-राज्यपाल) |
| चण्डीगढ़ | – | बनवारीलाल पुरोहित (प्रशासक) |
| पुदुचेरी | एन. रंगास्वामी | तमिलिसाई सौन्दरराजन (उप-राज्यपाल) |
| अण्डमान-निकोबार द्वीपसमूह | – | देवेन्द्र कुमार जोशी (उप-राज्यपाल) |
| दादरा व नगर हवेली तथा दमन व दीव | – | प्रफुल्ल पटेल (प्रशासक) |
| लक्षद्वीप | – | प्रफुल्ल पटेल (प्रशासक) |
| दिल्ली | अरविन्द केजरीवाल | विनय कुमार सक्सेना (उप-राज्यपाल) |

## संवैधानिक प्रमुख

| पद | व्यक्तित्व |
|---|---|
| अध्यक्ष, लोकसभा | ओम बिड़ला |
| उप-सभापति, राज्यसभा | हरिवंश नारायण सिंह |
| नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक | गिरीश चन्द्र मुर्मू |
| अध्यक्ष, 15वाँ वित्त आयोग | एनके सिंह |
| अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग | विजय सांपला |
| अध्यक्ष, राष्ट्रीय महिला आयोग | रेखा शर्मा |
| अध्यक्ष, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग | अरुण कुमार मिश्रा |
| अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग | मनोज सोनी |

## सशस्त्र सेनाओं के प्रमुख

| पद | व्यक्तित्व |
|---|---|
| चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ (CDS) | अनिल चौहान |
| थल सेनाध्यक्ष | मनोज पाण्डे |
| नौसेनाध्यक्ष | आर. हरि कुमार |
| वायु सेनाध्यक्ष | वीआर चौधरी |

## न्यायिक प्रमुख

| पद | व्यक्तित्व |
|---|---|
| सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश | डीवाई चन्द्रचूड़ |
| लोकपाल अध्यक्ष (कार्यकारी) | प्रदीप कुमार मोहन्ती |
| अटॉर्नी जनरल | आर. वेंकटरमणी |
| सॉलिसिटर जनरल | तुषार मेहता |

## राष्ट्रीय संस्थाओं/संगठनों के प्रमुख

| पद | व्यक्तित्व |
|---|---|
| मुख्य चुनाव आयुक्त | राजीव कुमार |
| मुख्य सूचना आयुक्त | हीरालाल सामरिया |
| निदेशक, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो | प्रवीण सूद |
| निदेशक, इण्टेलीजेन्स ब्यूरो | तपन कुमार डेका |
| निदेशक, रिसर्च एण्ड एनालिसिस विंग | रवि सिन्हा |
| निदेशक, NTRI | अनिल धस्माना |
| अध्यक्ष, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (NIA) | दिनकर गुप्ता |
| अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड | जया वर्मा सिन्हा |
| अध्यक्ष, ISRO | एस. सोमनाथ |
| अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (AERB) | डीके शुक्ला |
| गवर्नर, भारतीय रिजर्व बैंक | शक्तिकान्त दास |
| अध्यक्ष, केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC) | संजय कुमार अग्रवाल |
| अध्यक्ष, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड | नितिन गुप्ता |
| अध्यक्ष, भारतीय प्रतिभूति एवं विनियामक बोर्ड (SEBI) | माधबी पुरी बुच |
| अध्यक्ष, केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) | प्रसून जोशी |
| अध्यक्ष, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) | निधि छिब्बर |
| निदेशक, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (NCERT) | दिनेश प्रसाद सकलानी |
| अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) | एम. जगदीश कुमार |
| उपाध्यक्ष, नीति आयोग | सुमन बेरी |
| चेयरमैन, भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) | सिद्धार्थ मोहंती |
| अध्यक्ष, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) | शाजी केवी |
| MD, राष्ट्रीय आवास बैंक (NHB) | सारदा कुमार होटा |
| अध्यक्ष, ASSOCHAM | सुमन्त सिन्हा |
| अध्यक्ष, भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) | संजीव बजाज |

## अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं/संगठनों के प्रमुख

| पद | व्यक्तित्व |
|---|---|
| महासचिव, UNO | एण्टोनियो गुटेरेस (पुर्तगाल) |
| महासचिव, SAARC | मो. गुलाम सरवर (बांग्लादेश) |
| अध्यक्ष, संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) | डेनिस फ्रांसिस (ट्रिनीडाड एण्ड टोबैगो) |
| महानिदेशक, WHO | ट्रेडोस एधानॉम घेब्रेयेसस (इथियोपिया) |
| महानिदेशक, WTO | न्गोजी ओकोन्जो-इवेला (नाइजीरिया) |
| महासचिव, UNCTAD | रेबेका ग्रिनस्पैन (कोस्टा रिका) |
| महानिदेशक, IAEA | राफेल ग्रॉसी (अर्जेण्टीना) |
| महानिदेशक, UNESCO | ऑड्रेय आजूले (फ्रांस) |
| महानिदेशक, IMF | क्रिस्टलिना जॉर्जिएवा (बल्गारिया) |
| अध्यक्ष, वर्ल्ड बैंक | अजय बांगा (USA) |
| अध्यक्ष, NDB | डिल्मा रौजेफ (ब्राजील) |
| अध्यक्ष, ECB | क्रिस्टीन लगार्डीश (फ्रांस) |
| महानिदेशक, ILO | गिल्बर्ट होंग्बो (टोगो) |
| महानिदेशक, UNICEF | कैथरीन रसेल (USA) |

# कम्प्यूटर ज्ञान